राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

धनबाद, सोमवार 29 जुलाई 2024 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 08 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 111

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




**ब्रीफ खबरें**

### सर्रा-गुलियाडीह नदी घाट में बालू तस्करी

**टुंडी:** मनियाडीह थाना क्षेत्र के सर्रा व गुलियाडीह बराकर नदी घाट से अवैध बालू का उठाव धड़ल्ले से हो रहा है. ग्रामीणों के अनुसार मनियाडीह पुलिस की संरक्षण में यह कार्य बदस्तूर जारी है.मनियाडीह थाना क्षेत्र के बराबर नदी घाट सर्रा व गुलियाडीह घाट से शाम ढलने के साथ ही ट्रेक्टरों की लंबी कतार लग जाती है.जो कि रात भर मनियाडीह डोमनपुर राजगंज के रास्ते बरवाअड्डा कतरास हीरापुर इलाके में ऊंची दाम पर बेचते है. सरकारी रोक के बावजूद मनियाडीह पुलिस के संरक्षण में बालू का अवैध कारोबार चल रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि आज तक जिसने भी अवैध बालू कारोबार के खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश की वह न दबंगों और उनको संरक्षण देने वालों के टारगेट में आ जाता है.

### नगरीकला दक्षिण पंचायत में शिविर

**तेतुलमारी।** झारखंड सरकार के 'नेक इराद निभा रहे वादा' कार्यक्रम के तहत नगरीकला दक्षिण पंचायत सचिवालय के समीप रविवार को शिविर का आयोजन कर सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया.कार्यक्रम के दौरान मुखिया अशोक ठाकुर ने लोगों के बीच पौधा वितरण किया. इस दौरान कई तरह के पेंशन योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, उच्च शिक्षा प्राप्ति करने व ॠष्टा योजना सहित कई योजनाओं के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दिया. वक्ताओं ने कहा कि परिवहन योजना के तरह ग्रामीण सरकार से बस लेकर स्कूलों पर चला सकता हैं, सरकार राज्य के विकास के लिए गंभीर है.

### आरएसएस का गुरुदक्षिणा कार्यक्रम

**तेतुलमारी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समर्थकों ने रविवार को तेतुलमारी के सुभाष चौक के समीप गुरु दक्षिणा नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजा रोहण व भारत माता की तस्वीर पर पूजा अर्चना कर तथा शाखा लगाई गई. नगर कार्यवाहक डा सुनील सिंह ने कहा कि गुरू पुर्णिमा व सावन माह के पवित्र अवसर पर गुरु दक्षिणा नामक कार्यक्रम चलाया जा रहा है. मौके पर पंकज सिंह, रंजीत सिंह, चंदन कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह, राज बहादुर राय, अनुज वर्मा, प्रकाश वर्मा आदि शामिल थे.

### पांच बोरा कोयला लदा बाइक जब्त

**केंदुआ।** केंदुआडीह पुलिस ने शनिवार की रात 10 बजे मटकुरिया चेकपोस्ट के पास कोयला लदे मोटरसाइकिल को जब्त किया.मोटरसाइकिल का नम्बर जेएच10वाई-1607 है. जिसपर पांच बोरा कोयला लदा था. गोधर काली बस्ती की ओर से आते एक युवक को पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो युवक मोटरसाइकिल छोड़ भाग निकला. पुलिस ने मोटरसाइकिल जब्त कर अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है.

**फर्जीवाड़ा : 2015 और 2017 में अलग-अलग नाम से बना मृत्युप्रमाण पत्र**


# 1 महीने में एक आदमी की दो बार मौत


**खास बातें**

- पोते ने लिखित शिकायत देकर जांच की उठाई मांग
- कहा जमीन हड़पने को बनाया गया फर्जी प्रमाण पत्र

अक्षय चौबे ।तोपचांची







एक व्यक्ति की 12 मार्च 2015 को मौत हो गई, ठीक एक महीने बाद के बाद फिर उसी व्यक्ति की मौत हो गई. आप सोच रहे होंगे कि ऐसा कैसे हो सकता है. यह अजीबो-गरीब मामला तोपचांची प्रखंड के घुनघुसा पंचायत में प्रकाश में आया है. इन दोनों अलग-अलग तारीख पर एक ही व्यक्ति की हुई मौत का प्रमाण पत्र भी दो अलग-अलग सालों में बनवाया गया है. ये अलग-अलग मृत्यु प्रमाणपत्र वर्ष 2015 और वर्ष 2017 में निर्गत किया गया था. लेकिन मामले में पेंच तक जाकर फंस गया, जब जमीन के मालिकाना हक (मृतक माथुर मंडल) उसके पोते को नहीं मिला. पोता कोनार्क मंडल ने बताया कि वर्ष 2015 में उनके दादा माथुर मंडल उर्फ बिस्टू मंडल का निधन धनबाद के जलान अस्पताल में हुआ था. वर्ष 2015 में मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत किया गया. जिसमें मृत्यु तिथि 12 मार्च 2015 अंकित है. उन्होंने बताया कि माथुर मंडल के दो नाम थे, घर-मुहल्ले के लोग उन्हें बिस्टू मंडल के नाम से भी जानते थे. बिस्टू और माथुर मंडल दोनों एक ही व्यक्ति हैं. माथुर मंडल उर्फ बिस्टू मंडल मुचीराम मंडल का बेटा है. माथुर मंडल के तीन बेटे हैं. बैजनाथ मंडल, सुनिल मंडल और अशोक मंडल.उन्होंने बताया कि बैजनाथ मंडल और सुनील मंडल ने मिलकर 2017 में बिस्टू मंडल के नाम पर एक और मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत करवा लिया. उस मृत्यु प्रमाणपत्र पर मृत्यु का तिथि 13 अप्रैल 2015 का तिथि अंकित है. उन्होंने कहा कि बिस्टू मंडल का नाम का अलग मृत्यु प्रमाणपत्र बना कर खतियानी जमीन व दादा जी नाम कर खरीद की जमीन से मालिकाना अधिकार नहीं देना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि माथुर मंडल का सर्विस बुक में तीन बेटा का जिक्र किया गया है. तीन बेटा को जन्म के आधार पर अंकित किया गया है. लेकिन फर्जी तरीके से बिस्टू मंडल के नाम का मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत कर दिया गया है. उन्होंने प्रखंड कार्यालय के संबंधित विभाग के अधिकारी से लिखित आवेदन देकर जांचों उपरांत गलत मृत्यु प्रमाणपत्र को खारिज करने का आग्रह किया है. इधर माथुर मंडल के बेटे सुनिल मंडल का कहना है कि माथुर मंडल और बिस्टू मंडल दोनों अलग-अलग व्यक्ति हैं. बिस्टू मंडल का सिर्फ दो ही बेटा है. लेकिन अशोक और उसका बेटा साजिश के तहत बिस्टू मंडल और माथुर मंडल दोनों को एक बता रहा है, जो ग़लत है.

### दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो: तोपचांची प्रमुख

प्रखंड कार्यालय के संबंधित विभाग को प्राप्त लिखित शिकायत के आधार पर विभाग के जांच-पड़ताल कर रही है. विभाग के अधिकारी कड़ी से कड़ी को जोड़कर मामले को निष्पादन करने में जुटी है. लेकिन विभाग निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाया है. तोपचांची प्रमुख आनंद महतो ने कहा कि दो नाम वाला एक व्यक्ति का दो मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत किया गया. जांच का विषय है. जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई होना चाहिए.

### अवैध बालू लदा हाइवा जब्त, चालक फरार

**मैथन।** निरसा थाना पुलिस ने छापेमारी कर अवैध बालू लदा एक हाइवा (जेएच 10 एसी 7747) जब्त किया. छापेमारी करने पुलिस को आते देख हाइवा चालक एवं खलासी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे. निरसा थाना में वाहन मालिक, चालक एवं बालू तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है.

जानकारी के अनुसार निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार को बेनागोड़िया के रास्ते अवैध बालू लदा हाइवा निरसा की ओर आने की गुप्त सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर थाना प्रभारी ने छापेमारी कर हाइवा को जब्त कर लिया.

बता दें कि एनजीटी लागू कर नदियों से बालू उठाव पर प्रतिबंध है. बावजूद इसके बालू की तस्करी बदस्तूर जारी है. अवैध बालू खनन रोकने के लिए टास्क फोर्स का भी गठन किया जा जुका है. इसके बाद भी बराकर नदी के पांड्रा बेजरा, सिजुआ, पोलकेरा, मोरडीह समेत अन्य बालू घाटों से बालू की तस्करी हो रही है.

# अलंकार ज्वेलर्स से लाखों के गहने उड़ा ले गये चोर

## दुकान का सीसीटीवी कैमरा व डीवीआर भी ले गए

- पड़ोस की दुकान का सीसीटीवी भी तोड़ा, डीवीआर में नहीं मिला सुराग

संवाददाता। धनबाद




सरायला थाना क्षेत्र स्थित खुशबू अलंकार ज्वेलर्स को बीती रात चोरों ने अपना निशाना बनाया. दुकान का शटर उखाड़कर चोर लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ किया है. दुकान मालिक ने सरायढेला थाना में चोरी की शिकायत की है. दुकान मालिक राजकुमार वर्मा के मुताबिक, सुबह करीब 4:30 बजे उनको दुकान में चोरी होने की सूचना मिली. आकर देखा तो दुकान के शटर उखड़े हुए थे. दुकान के अंदर गया तो सारे सामान गायब थे. उन्होंने बताया कि चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी ले गये. पड़ोस के एक दुकान का भी सीसीटीवी कैमरा चोरी हो गया. मामले को लेकर थाना में शिकायत की गयी है. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है. देर शाम तक चोरी गए जेवरात की कीमत आंकने के बाद पुलिस को मामले की लिखित शिकायत की गई. लगभग सात-आठ लाख रुपये के जेवरात की चोरी हुई है. इसके अलावा गल्ला में रखा लगभग पचास हजार रुपये नकद भी चोर ले गए. इधर पुलिस ने पड़ोस के दुकान में लगी सीसीटीवी कैमरा की छानबीन की, पुलिस वहां पता चला कि रात होने के बाद दुकानदार कैमरा बंद कर देता था, इस कारण उसके डीवीआर में कुछ रिकार्ड नहीं मिल पाया. पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले में संलिप्त अपराधियों को दबोच लिया जाएगा.

### शहर में बढ़ी आपराधिक गतिविधियां

शहर में इन दिनों फिर चोरी की वारदातों में इजाफा हो गया है. धनबाद, बैंकमोड़ और सरायढेला में लगातार वारदातें हो रही हैं. धनबाद शहर में चोरी की कई वारदातें हो चुकी हैं. खासकर दामोदरपुर इलाके को निशाना बनाया जा रहा है. वहीं शहर में चेन छीनने वाले गिरोह भी सक्रिय हो गए हैं. एक हर दिन में दो महिलाओं से छिनतई की गई थी, जिनमें एक महिला का चेन किसी तरह बच गया. लेकिन दूसरी महिला को चेन से हाथ धोना पड़ा.

# सफाई के बहाने यात्रियों का सामान चुराने वाला गिरफ्तार

## धनबाद स्टेशन पर गश्ती के दौरान आरपीएफ ने पकड़ा

**खास बातें**

- बैग से तीन लाख के सामान बरामद
- शर्मिला एवं राहुल चक्रवर्ती की मार्कशीट भी मिली

संवाददाता। धनबाद



धनबाद स्टेशन में गश्ती के दौरान रेलवे सुरक्षा बल एक संदिग्ध को दबोचा है. तलाशी के क्रम में उसके बैग पास से यात्रियों से चुराए गए कई सामान बरामद किए गए हैं.पकड़े गए अपराधी का नाम अमर डोम है और वह धनबाद का ही रहने वाला है. उसने बताया कि सफाई के बहाने रात में प्लेटफॉर्म अथवा ट्रेन में लापरवाह सो रहे यात्रियों का सामान चोरी कर लेता था. रविवार को भी नेताजी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सफाई के बहाने से घुसा तथा सुबह करीब 3 बजे सो रहे एक यात्री का बैग को चोरी कर लिया था.

### लैपटॉप, सोने-चांदी के कई सामान बरामद

अमर के बैग को जब खोलकर चेक किया गया तो उसमें एक काले रंग का लेनोवो लैपटॉप, एक ब्लूटूथ स्पीकर, एक ट्रिमर, एक चश्मा, एक घड़ी, एक जोड़ी सोने का झुमका, दो सोने की अंगूठी, एक सोने का मछली का लाकिट के साथ गले की माला, एक चांदी की अंगूठी, एक काले रंग की सेल्फी स्टिक, एक सफेद रंग का फोटाग्राफ स्टैंड, शर्मिला चक्रवर्ती एवं राहुल चक्रवर्ती के नाम का कुछ दस्तावेज सर्टिफिकेट, मार्कशीट आदि बरामद हुआ. बरामद सभी सामानों का कुल अनुमानित मूल्य यात्री के द्वारा 3 लाख रुपये बताया गया.

# बेंगाबाद के प्रवासी मजदूर सहादत की बेंगलूर में मौत

संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)

बरियारपुर निवासी जमरुद्दीन अंसारी के 21 वर्षीय पुत्र सहादत अंसारी की बेंगलूर में सड़क हादसे में मृत्यु हो गयी. गरीबी की हालत बदलने के लिए मजदूर मजदूरी करने के लिए बेंगलुरु आज से दो माह पूर्व गए हुए थे. लगातार उनकी मजदूरी का कार्य चल रहा था. इसी दौरान शुक्रवार को मजदूरी कर अपने काम से वापस अपने डेरा आकर पुनः शाम में ऑटो से सब्जी खरीदने जा रहे थे, इस बीच ऑटो पलट गया. जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए थे. सहयोग से उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्होंने अपनी दम तोड़ दिए. उनके पिता जमरुद्दीन गिरिडीह में रिक्शा चला कर जीविकोपार्जन कर रहे हैं. सूचना परिजनों को मिलने के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और उनके घरवालों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है. हालांकि उनके शव का पोस्टमार्टम बेंगलूर में हो गयी है. पोस्टमार्टम के बाद उनके शव को हवाई जहाज से रांची लाया जाएगा और फिर उसके शव को उनके पैतृक गांव बरियारपुर लाया जाएगा. इसकी जानकारी मधवाडीह पंचयात के मुखिया सिद्दीक अंसारी ने दी.



मृतक का फाइल फोटो

### वेस्ट मोदीडीह के वजन घर का प्लेट वेट क्षतिग्रस्त

तेतुलमारी। बीसीसीएल कतरास क्षेत्र संख्या चार के वेस्ट मोदीडीह कोलियरी का वजन घर का प्लेट वेट रविवार की सुबह अचानक क्षतिग्रस्त हो गया. जिससे कोयला लदी एक वाहन उसमें फंस गया. काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकला गया. उसके बाद वजन घर के अधिकारियों ने उक्त कांटा घर में चल रहे काम को बंद कर दिया. हालांकि उक्त घटना में किसी हताहत की सूचना नहीं है. प्लेटलेट कैसे क्षतिग्रस्त हुआ इस बात को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है, कुछ लोगों का कहना है कि क्षमता से अधिक वजन दिए जाने के बाद प्लेट टूट गया है, वहीं कुछ का कहना था कि कमीशन के खेल में कांटा घर बनाने में लापरवाही बरता गया है. जिसके चलते यह समस्या उत्पन्न हुई है. इधर वेस्ट मोदीडीह कोलियरी प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मरम्मति कराने की तैयारी चल रही है, प्लेट वेट कैसे टूटा यह विशेषज्ञ ही बता सकते हैं.

# गेहूं लदा ट्रक पलटा, बोरे में एसएफसी का मार्का

संवाददाता। तोपचांची



रविवार को तोपचांची थाना क्षेत्र के लेदाटांड में गेहूं से भरा ट्रक असंतुलित हो कर जीटी रोड में पलट गया. ट्रक में एसएफसी मार्का वाला गेहूं भरा हुआ है. घटना में ट्रक चालक मुन्ना महतो को हल्की-फुल्की चोट आई है. एनएच कर्मियों व ग्रामीणों के मदद से जख्मी चालक को तोपचांची प्रखंड के साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया. मिली जानकारी के अनुसार ट्रक चालक काफी तेज गति से कोलकाता जा रही थी. अगला टायर ब्लास्ट हो जाने के कारण ट्रक असंतुलित होकर सड़क में पलट गया. ट्रक में एसएफसी मार्का के बेरा में गेहूं लोड है. सभी गेहूं के बोरा को हाथ से पैक किया गया है. ट्रक में लोड गेहूं के बोरा विभिन्न राज्यों के एसएफसी मार्का का है. ट्रक में लोड गेहूं एसएफसी गोदाम का है या नहीं यह जांच के पता चल पाएगा. ट्रक चालक मुन्ना महतो ने बताया कि ट्रक में गेहूं बिहार के सोनबरसा से कोलकाता के गेहूं मिल के लिए जा रहे थे. लेकिन ट्रक में लोड एसएफसी मार्का के बोरा पर कुछ भी कहने से चालक बचता हुआ नजर आया. फिलहाल तोपचांची पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच-पड़ताल में जुट गई है.

### जुआ अड्डा में छापा चार बाइक जब्त

**धनसारः** बरमसिया में रविवार की शाम धनसार पुलिस ने जुआ अड्डा पर छापेमारी कर पांच सौ नगद,चार बाइक,ताश की गड्डी व चटाई बरामद किया है.छापेमारी के दौरान सभी जुआरी फरार हो गए.पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी कि बरमसिया पुल के समीप एक खंडरनुम्मा मकान में जुआ अड्डा संचालित किया जा रहा है. इसकी सूचना पाकर धनसार पुलिस ने शाम को छापेमारी की.छापेमारी के दौरान जुआरियों के बीच भगदड़ मच गई.मौका पाकर सभी जुआरी भागने मे सफल रहे. वहीं पुलिस ने मकान के पास खड़े जुआरियों की चार बाइक जब्त कर ली है. जब्त बाइक में जेएच 10एएल4689, जेएच10 सीएन 7124, जेएच10 सीजी 1168 व जेएच10 सीआर 8920 शामिल है. पुलिस सभी बाइक को थाने ले आई है.

**इनाम** कोलकाता के बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में माइंस सेफ्टी अवार्ड 2024 का आयोजन

# ईसीएल प्रथम व बीसीसीएल को मिला तीसरा पुरस्कार




संवाददाता। धनबाद

कोलकाता में रविवार को माइंस सेफ्टी अवार्ड 2024 समारोह संपन्न हुआ. समारोह के दौरान पूरे देश के सभी माइंस के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कंपनी को सम्मानित किया गया. ऑल इंडिया माइंस सेफ्टी द्वारा आयोजित का कार्यक्रम का गाइडलाइन डीजीएमएस के डीजी प्रभात कुमार कर रहे थे, वहीं सीआईएल पूरे समारोह का होस्ट कर रहे थे.ईसीएल पहले स्थान पर व बीसीसीएल कतरास एरिया को मिला तृतीय अवार्ड मिला है.

**डीजीएमएस के डीजी प्रभात कुमार ने कहा** किसी भी माइंस के लिए सुरक्षा पहली जरूरी है.उन्होंने कहा की बिना सेफ्टी किसी माइंस की प्रगति संभव नहीं है.वहीं सीआईएल चेयरमैन पीएम प्रसाद ने कहा की किसी भी इंडस्ट्री में मजदूरों की बेहतर सुरक्षा से ही उद्योग का विकास संभव है.

### माइंस सुरक्षा पहली प्राथमिकता: समीरन दत्ता

समारोह के दौरान विजेता कोयला, मेटल,तेल और गैस सेक्टर माइंस को शामिल किया गया था .जिसमें ईसीएल के श्यामसुंदर माइंस को माइंस सेफ्टी में प्रथम,अल्ट्राटेक कम्पनी विचारपुर माइंस दूसरे स्थान पर वहीं कोल इंडिया के बीसीसीएल के कतरास एरिया गजलीटाड़ कोलियरी को तीसरा अवार्ड मिला .वहीं कोल इंडिया के विभिन्न कंपनी को भी माइंस सेफ्टी में बेहतर कार्य के लिए पुरुस्कृत किया गया. बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि में माइंस में लगातार सुरक्षा की देख रेख होनी चाहिए .उन्होंने कहा कि कोल माइंस में समय-समय पर मजदूरों के लिए सुरक्षा कीट से लेकर अन्य सुरक्षा के इंतजाम पर मॉनिटरिंग जरूरी है. इसके अलावा कुल 45 अवार्ड विभिन्न सेक्टर के लिए दिया गया.

### बीएसएल की गुआ अयस्क खदान माइंस सेफ्टी अवार्ड्स 2024 में अव्वल

बोकारो. सेल-बोकारो इस्पात संयंत्र के झारखंड खान समूह के अंतर्गत आने वाले गुआ अयस्क खदान ने रविवार को कोलकाता के बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रतिष्ठित खान सुरक्षा पुरस्कार 2024 में ओपन कास्ट मीडियम कैटेगरी माइंस में प्रथम पुरस्कार जीता है. यह कार्यक्रम खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस के तत्वावधान में अखिल भारतीय खान सुरक्षा संघ द्वारा आयोजित किया गया था. यह पुरस्कार बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने राउरकेला इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक की उपस्थिति में प्राप्त किया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (खान) जे दासगुप्ता, अधिशासी निदेशक (कोलियरीज) अनूप कुमार, मुख्य महाप्रबंधक कमल भास्कर और बीएसएल, झारखंड खान समूह एवं कोलियरीज प्रभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे. उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर के खान सुरक्षा पुरस्कार 2024 का उद्देश्य पूरे भारत में खनन कार्यों में सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना और सुरक्षा को बढ़ाना है.

होटल रेडिसन इंडिविजुअल का मामला

# महिला कर्मी के आरोप की जांच करने होटल पहुंची पुलिस

संवाददाता। धनबाद

धनबाद के धनसार स्थित होटल रेडिसन इंडिविजुअल की एक पूर्व महिला कर्मी ने होटल प्रबंधक समेत पांच लोगों पर शारीरिक शोषण, मानसिक उत्पीड़न व बिना कारण नौकरी से निकालने का आरोप लगाते हुए महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. दर्ज प्राथमिकी के आलोक में रविवार को सीसीआर डीएसपी महिला थाना प्रभारी को साथ लेकर मामले की जांच करने रविवार को होटल पहुंचे.

इस संबंध में पूछे जाने पर डीएसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. वहीं पीड़ित महिला का कहना है कि पुलिस की टीम भले ही जांच प्रक्रिया शुरू की हो, लेकिन होटल प्रबंधन जांच में सहयोग नहीं कर रहा है. इधर समाजसेवी विकास वाल्मीकि ने मामले की निष्पक्ष जांच कर पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की है. बता दें कि पुलिस थाना में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक पीड़ित महिला होटल शुरू होने के समय से जुड़ी थी. होटल में काम करने के दौरान यहां के वरीय कर्मचारी उसपर गंदी निगाह रखते थे, साथ ही बात-बात पर जलील करते थे. उनकी गलत मंशा पूरी नहीं होने पर उसको प्रताड़ित किया जाता था. इसी बीच एक दिन उसकी हाजिरी काट दी गई. इस बात की शिकायत होटल के वरीय कर्मचारी से करने पर की उसके साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट किया गया. फिर उसे नौकरी से निकाल दिया गया.

## ब्रीफ खबरें

### महेशपुर पंचायत टू सचिवालय में नेत्र जांच शिविर

**मधुबन।** बाघमारा प्रखण्ड अनतर्गत महेशपुर टू पंचायत सचिवालय में रविवार को मुखिया के सहयोग से राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ महुदा खण्ड के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का शुभारंभ मुखिया संध्या देवी,महुदा खंड सेवा प्रमुख हराधन पांडेय,खंड सह कार्यवाह सुमित आर्या सिनीडीह उपमुखिया टुन्नु बरनवाल,खंड सह कार्यवाह सुमित आर्या सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह के प्राचार्य राकेश सिन्हा ने संयुक्त रूप से,दीप प्रज्जवलित व भारत माता को पुष्प अर्पित कर किया गया. शिविर में 100 लोगों का नेत्र जांच किया गया.जांच में मिले नेत्र मरीजों को संस्थान के द्वारा आयुष्मान योजना के माध्यम से निःशुल्क ऑपरेशन करने की बात कही गई.

### जदयू के बाघमारा प्रखंड महासचिव बने हीरालाल

**कतरास।** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स के प्रधान कार्यालय में जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप ने हीरालाल साव को जदयू बाघमारा प्रखंड महासचिव मनोनीत किया. इस अवसर पर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह मौजूद थे. मनोनयन के बाद दीप नारायण सिंह ने हीरालाल साव को मनोनीत पत्र सौंपकर बधाई दी. कहा कि हीरालाल के मनोनयन से प्रखंड क्षेत्र में पार्टी मजबूत होगी. मौके पर जदयू धनबाद जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, महेंद्र मोहली, प्रेम रजक, बागराज मरांडी समेत पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### जेकेबीएम ने एक हजार पौधों का किया वितरण

**तोपचांची।** झारखंड खतियानी बुद्धिजीवी मंच की ओर से तोपचांची के मानटांड़ में रविवार को एक हजार फलदार पौधों का वितरण किया गया. बांटे गए पौधों में आम, जामुन,काजू, कटहल, डूमर समेत अन्य शामिल हैं. मंच के अध्यक्ष किशोर कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश लोगों तक पहुंचाना है. संघ के एक अन्य पदाधिकारी तुलसी महतो ने कहा कि झारखंड के जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए जेकेबीएम ने पूरे प्रखंड में 12 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया है. मौके पर किशोर कुमार महतो, रविंद्र महतो, राजेश कुमार, तुलसी महतो, मुकेश महतो, गौतम कुमार, संतोष कुमार, सविता देवी समेत दर्जनों जेबीकेएसएस कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### पांडरपाला भेजा जा रहा चोरी का लोहा

**धनबाद :** धनबाद स्टेशन के दक्षिण छोर पुराना स्टेशन में लोहा चोरों इन दिनों बेखौफ तरीके से लोहा चोरी कर रहे हैं.रेलवे द्वारा पुराना स्टेशन के सभी क्वार्टर जर्जर घोषित होने के बाद निविदा के माध्यम से निजी संवेदक द्वारा तोड़कर समतल सुपुर्द करने का निविदा निकाली गई थी. इसके बाद संवेदक द्वारा सभी जर्जर क्वार्टर को तोड़ दिया गया है. उस क्वार्टर में रेलवे के कई महत्वपूर्ण लोहा इन दिनों चोर रात के अंधेरे में कटर मशीन लगाकर लोहा काट रहे हैं. चोरी का लोहा पांडर पल्ला के लोहा गोदाम में खपाया जा रहा है जबकि उक्त गोदाम में कई बार रेलवे आरपीएफ की दबिश भी दी जा चुकी है. जहां से रेलवे के अवैध लोहा भी कई बार जब्त किया गया, उसके खिलाफ केस भी किया गया है.

**उमंग :** सहयोग फाउंडेशन और विप्र सेना की ओर से आयोजित सावन महोत्सव में महिलाओं ने गाए गीत

# तेरे बगैर साजन सावन मजा न देगा...

संवाददाता । धनबाद





सहयोग फाउंडेशन और विप्र सेना की ओर से आयोजित सावन महोत्सव में शनिवार को सैकड़ों महिलाओं ने जमकर मस्ती की. इस दौरान सावन की गीतों पर रैंप वॉक, डांस प्रस्तुत किया गया.

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह फाउंडेशन की अध्यक्ष नीतू तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया. इसके बाद अदिति तिवारी ने गणेश वंदना और शिव स्तुति प्रस्तुत कर सबको भाव विभोर कर दिया. इसके बाद सावन महोत्सव की शुरुआत हुई. जिसमें महिलाओं ने सावन में मोरनी बनकर छम छम नाचूं, चूड़ी मजा ने देगा कंगन मजा न देगा तेरे बगैर साजन सावन मजा, सावन का महीना पवन करे शोर, जैसे गीतों पर महिलाएं जमकर झूम उठीं. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि अनुपमा सिंह ने कहा कि महिलाओं के इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए. घर के काम काज में व्यस्त रहने की वजह से महिलाएं खुलकर अपनी जिंदगी नहीं जी सकती, ऐसे में ऐसे सामूहिक आयोजनों में वो खुलकर अपने उद्गार व्यक्त करती हैं.साथ ही एक दूसरे मिलने का भी मौका मिलता है. अध्यक्ष नीतू तिवारी ने कहा कि सहयोग फाउंडेशन और विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ का शुरू से यह प्रयास रहा है कि महिलाओं के लिए ऐसे ऐसे प्लेटफार्म उपलब्ध कराएं, जहां वो खुलकर अपनी बातों को रख सकें और जीवन का आनंद उठा सकें. कार्यक्रम के समापन पर सभी महिलाओं को सुहाग के निशानी के तौर पर चूड़ी, बिंदी, सिंदूर, मेहंदी आदि दिए गए.

कार्यक्रम में ये लोग मुख रूप से थे उपस्थित कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की लक्ष्मी श्रीवास्तव, प्रीति रॉय, निशा नयन, बबिता सिन्हा, ममता झा, नीलम शरण, नीलम मिश्रा, रूबी गुप्ता, रजनी, रंजना सिंह, आशा झा, आशा रॉय सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं.

### डीवीसी स्टेशन क्लब मैथन में महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव

**मैथन :** डीवीसी अधिकारियों की पत्नियों ने रविवार को डीवीसी स्टेशन क्लब में सावन उत्सव मनाया. इस दौरान महिलाओं ने आयोजित नृत्य एवं संगीत में जमकर मस्ती की. इसके अलावा महिलाओं के बीच कई प्रकार के प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. सावन उत्सव में नंदिता केसरी मिस सावन चुनी गई .डीवीसी मैथन परियोजना प्रधान अंजनी कुमार दुबे की धर्मपत्नी सुगंधा दुबे के नेतृत्व में सभी महिलाओं ने पूरे उत्साह से भाग लेकर रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लिया. कार्यक्रम के समापन में सभी महिलाओं के पतियों यानि अधिकारियों को शामिल किया गया और भांति भांति के पकवानों व व्यंजनों का लुत्फ उठाया गया. सावन उत्सव में सुगंधा दूबे, नंदिता केशरी, अंजना सिंहा, पियाली चक्रवर्ती, सुषमा किरण, नंदिता केशरी, दिप्ती, तान्या, अनु, रूपम प्रियदर्शी, भारती, खुशी सहित कई गणमान्य महिलाएं सक्रिय रुप से शामिल थीं.

### मोहलबनी में अधेड़ ने की आत्महत्या

**झरिया :** सुदामडीह थाना क्षेत्र के भौंरा नीचे मोहलबनी निवासी दीनानाथ शर्मा ने रविवार की सुबह अपने घर में छत के एंगल में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. वह घर में अकेला रहता था. उसकी पत्नी व दो पुत्र धनबाद में रहते हैं. घटना की जानकारी होने पर पास पड़ोस के लोगों ने फोन पर परिजन को सूचना दी.सुदामडीह थाना को घटना की जानकारी दी गयी. सूचना पाकर सुदामडीह थाना के एसआई एमडी अफरोज दलबल के साथ पहुंचे.कमरा से एक सुसाइड नोट पाया गया.जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया. ने सुसाइड नोट में लिखा है कि वह अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा है.इसमें किसी का दोष नहीं है. पुलिस शव का पंचनामा बनाकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. पत्नी मंजू देवी ने पुलिस को बताया कि सुबह उसकी पति से बात हुई थी. हाल समाचार लेने के बाद कहा कि तुम ठीक से रहना और बच्चों का भी ख्याल रखना. इधर घटना की सूचना पर पहुंचे मृतक की पत्नी मंजू देवी,पुत्र अभिषेक शर्मा,अभिजीत शर्मा,पुत्री प्रियंका शर्मा सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

# विधानसभा चुनाव लड़कर बाघमारा से खत्म करेंगे आतंक: रोहित यादव

श्रमिक संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने कहा स्वच्छ छवि के लोगों को चुनें

**खास बातें**

- युवा ब्रिगेड के बैनर तले मिलन समारोह आयोजित
- आगामी विधानसभा चुनाव में ताल ठोकेंगे रोहित

संवाददाता । कतरास




मंच से संबोधित करते रोहित यादव व सिद्धार्थ गौतम समेत अन्य लोग

बाघमारा की जनता का भरपूर भरोसा है. इस बार बाघमारा की राजनीतिक तस्वीर बदलेगी. बाघमारा के विकास के लिए और बाघमारा में आतंक को खत्म करने के लिए मैं पूरी ताकत से विधानसभा चुनाव लड़ूंगा. उक्त बातें श्यामडीह स्थित स्वांगत में युवा ब्रिगेड के बैनर तले आयोजित मिलन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजद के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष रोहित यादव ने कहा. उन्होंने कहा कि हम महागठबंधन में जरूर शामिल हैं. लेकिन राजद के साथ अगर अन्याय होता है, हमें धोखा दिया जायेगा तो बाघमारा की जनता के आशीर्वाद से हम अकेले ही चुनाव लड़ने में सक्षम हैं. जनता हमारे साथ है, हम जनता के लिए लंबे समय कार्य करते आए हैं.आगे भी जनता का सेवा में लगा रहूंगा. कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं. मिलन समारोह में उपस्थित जनता श्रमिक संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रोहित यादव को शुभकाममा देते हुए कहा कि अच्छे छवि वाले प्रत्याशी को ही चुनाव जीतना होगा तभी आपका लोकतंत्र सुरक्षित रह सकता है. आज के दौर में राजनीतिक पार्टियों दागदार छवि के लोगों को चुनाव में टिकट दे रही है.पैसे व रसूख के बल पर दागदार लोग चुनाव जीत जा रहे हैं. जो लोकतंत्र के लिए घातक हैं. उन्होंने कहा कि रोहित यादव निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा में लंबे समय से लगे हैं, इसलिए बाघमारा की जनता को एक बार रोहित यादव को अपना सेवक के रूप में चुनना चाहिए.इधर कार्यक्रम से पूर्व हजारों की संख्या में समर्थकों का जुटान भगत सिंह चौक में हुआ, फिर जुलूस की शक्ल में कार्यकर्ता राहुल चौक से श्यामडीह मोड होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे. कार्यक्रम का संचालन सोनू शर्मा व अध्यक्षता बैद्यनाथ यादव ने किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रखंड प्रमुख मीनाक्षी रानी गुड़िया , खरखरी पंचायत की पूर्व मुखिया पिंकी देवी , गुलशन खातून ,ममता गोप, सीमा देवी, पप्पू दुबे,दिलीप मिश्र ,रामजी यादव , प्रकाश यादव ,रूखी शर्मा, बिनय पासवान ,मो मिराज , संजीव पांडे, सोनू राय, विजय दासौंधी , मो आमीन, बीजू साव, गुड्डु कुमार ,भोला दास, दीपक शर्मा,विशाल यादव ,राजा सिंह, राजू ,आनंद , रंजीत ,मनी यादव ,राजू रवि , विक्रांत ,रानी यादव, संजय भगत, सोना दे, मो दिलदार, मो सफी, मो इनायत , मो मुजाहिद, मोनू यादव,रोशन हजारी, विजय पासवान,निरंजन साव, सहित अन्य मौजूद थे.

### रसोईया संघ सरकार के खिलाफ करेगा आंदोलन

**तोपचांची।** झारखंड रसोईया संघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगा. तोपचांची हटिया मैदान में रविवार को हुई संघ की बैठक में आंदोलन की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया. साथ ही नूतन देवी को बिना कारण कार्य से हटाए जाने पर रोष प्रकट किया गया. बैठक में झारखंड सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा गया कि पिछले वर्ष 3 अगस्त 2023 को संघ की पांच सूत्री मांगों को दो माह के अंदर लागू करने का आश्वासन शिक्षा सचिव ने दिया था, लेकिन आजतक उसे लागू नहीं किया गया. इसी को लेकर रांची में विधानसभा के समक्ष 29 जुलाई से 2 अगस्त तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें राज्य के सभी जिलों के रसोईया संघ भाग लेगा. संघ के जिलाध्यक्ष मुन्ना खान ने बताया कि आज भी रसोइया को मात्र 66 रुपए 66 पैसे मानदेय दिया जाता है, जो सरासर अन्याय है. संघ की मांगें निम्न हैं- सभी रसोइया संयोजिका को स्थाई किया जाए, सभी को न्यूनतम वेतन और पांच लाख रुपए का निशुल्क बीमा करने समेत अन्य मांगें. मौके पर संघ के कोषाध्यक्ष कैलाश प्रसाद, डीलू राम, उषा देवी, अनीता देवी, सुभद्रा देवी , सरस्वती देवी , शीला देवी, अमीना बीबी, नाजरा खातून, कुलसुम बीबी, नूतन देवी, बसंती देवी, जामुन देवी सहित दर्जनों रसोइया संयोजिका मौजूद थी.

## लोयाबाद 40 धौड़ा में युवती ने की आत्महत्या

संवाददाता । पुटकी

न्यू ड्रिफ्ट लोयाबाद 40 धौड़ा में शनिवार की रात करीब दो बजे प्रेम प्रसंग में अवसाद ग्रस्त 18 वर्षीय युवती तनीषा कुमारी ने आत्महत्या कर ली. बीसीसीएल क्वार्टर के किचन रूम में दुपट्टा के सहारे फंदा बनाकर युवती झूल गयी.सुबह साढ़े पांच बजे मां की नजर फंदे से लटकी पुत्री पर पड़ी. घर की कामवाली ने पड़ोसियों को जानकारी दी. मुहल्लेवाले जुटे व पुटकी पुलिस को सूचना दी गयी. तनीषा को दो भाई और दो बहन है.सबसे बड़ी तनीषा थी. आत्महत्या के पूर्व एक सुसाइड नोट लिखकर छोड़ा है,जिसमें स्वेच्छा से आत्महत्या करने की बात कही है.आत्महत्या के लिए परिवार के किसी सदस्य तथा दोस्त रेहान को दोषी व जिम्मेवार नहीं ठहराया है. दूसरी तरफ पड़ोसी मौत के तरीके पर संदेह व्यक्त कर रहे हैं. युवती की मां आशा देवी बीसीसीएल के लोयाबाद रिजनल अस्पताल में कार्यरत है. उन्हें 20 नम्बर लोयाबाद निवासी पति कपिल नोनिया के कथित मृत्यु उपरांत नौकरी मिली थी. पति के मौत के बाद न्यू ड्रिफ्ट में क्वाटर आवंटित हुआ. पति की मौत के बाद महिला ने लोयाबाद 20 नम्बर के ही प्रेमी सचिन नोनिया से विवाह कर लिया. जिससे उसकी नौ माह की पुत्री है.बेटी के जन्म होते ही सचिन ने सम्बन्ध तोड़ लिया तो आशा देवी ने उसके खिलाफ केस दर्ज करा दिया.जो फिलहाल न्यायालय में लंबित है.वही बड़ी पुत्री तनीषा पुटकी दो नम्बर के रेहान के संग छह माह पूर्व गायब हो गयी थी. युवक के गैर धर्म गैर जाति के होने के कारण घरवाले नाराज थे.दोनों को समझाकर घर वापस लाया गया. न्यायालय में लिखित रूप से तय हुआ कि लड़की के बालिग होने व उम्र 19 वर्ष पूर्ण होने पर शादी कर विदायी कर दी जाएगी. चर्चा है कि घरवाले लड़की पर लगातार दबाव बनाए हुए थे. पुटकी पुलिस ने सुबह नौ बजे शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया.इधर लड़की के परिजन क्वार्टर को बन्द कर तत्काल लोयाबाद 20 नम्बर शिफ्ट हो गए हैं.

### मैथन में डीवीसी के अध्यक्ष का स्वागत

संवाददाता। मैथन



डीवीसी के अध्यक्ष एस सुरेश कुमार रविवार दोपहर को मैथन चैयरमैन कैम्प हाउस पहुंचे.जहां पर डीवीसी के अध्यक्ष का स्वागत मैथन परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे एवं मुख्य अभियंता सिविल संजीत कुमार सिन्हा ने उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया. डीवीसी अध्यक्ष एस सुरेश कुमार धनबाद स्थित रेलवे डीआरएम के साथ बैठक करने के बाद मैथन में थोड़ी देर के लिए रूके थे, जहां डीवीसी के अधिकारियों ने उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया. इसके बाद डीवीसी के अध्यक्ष तुरंत कोलकाता के लिए निकल गए.

## विधानसभा चुनाव को लेकर एकजुट हो जाएं कार्यकर्ता



- धनबाद जिला कांग्रेस सेवादल की बैठक

संवाददाता । धनबाद

धनबाद जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष शिवमंगल सिंह द्वारा हाउसिंग कॉलोनी के सोसाईटी के पार्क में झंडोतोलन हुआ. इस दौरान लोकसभा चुनाव के बाद अब विधानसभा के तैयारी को लेकर सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को एकजुट होने का कहा गया.ध्वजारोहण के तत्पश्चात सेवादल की एक बैठक हुई. जिसका संचालन प्रदेश सचिव पुरनंदू सिंह और नवनियुक्त मुख्य संगठक गुलजार अहमद की उपस्थित में हुआ. वरिष्ठ नेतागण वरिष्ठ नागरिकों से ध्वज के बारे में चर्चा की गई.सेवादल प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन करने का निर्णय हुआ. मुख्य रूप से उपेन्द्र सिंह, कृष्णा वर्मा, अश्विनी कुमार, विजय कुमार, सत्येन्द्र सिंह, जीतू कुमार, मधु चौधरी, मो शफी, मिंटू, डॉ चिन्मय, असीम सिंह, संजीव, इडू अंसारी, मुकेश कुमार, राहुल, मोईन, रशीद आलम और तमाम कार्यकर्ता लोग उपस्थित थे.

### कांवरिया हत्याकांड की नहीं सुलझ सकी गुत्थी

**टुंडी।** बिहार के बांका कटोरिया थाना क्षेत्र के छापरिया धर्मशाला के पास टुंडी प्रखंड के बेहड़ा गांव निवासी युवा कांवरिया असीत मंडल की चाकू घोंपकर हत्या मामले में पुलिस को अबतक कोई सुराग नहीं मिला है. पुलिस मामले की गुत्थी सुलझाने में जुटी है. वहीं बांका कटोरिया थाना पुलिस के निर्देश पर मृतक आसीत मंडल के सभी साथी कटोरिया थाना पहुंचे, जहां पुलिस ने अनूप मंडल, अजय मंडल समेत अन्य से पूछताछ की. पूछताछ के बाद पुलिस ने सभी को वापस भेज दिया. पुलिस पूछताछ के समय कमारडीह पंचायत के मुखिया जयनारायण मंडल भी पहुंचे थे. वहां से सभी अपने घर के लिए रवाना हो गए हैं. कांवरिया जत्था में बेहड़ा व कमारडीह गांव के युवक शामिल थे. इधर झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक भी मृतक के घर जाकर शोक-संतप्त परिवार को सांत्वना दिया.

## शोणित फाउंडेशन ने किया सम्मान समारोह

- संस्थाओं को किया सम्मानित

संवाददाता । धनबाद

शोणित फाउंडेशन की ओर से रविवार को धनबाद क्लब में सम्मान समारोह का आयोजन किया. इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से अशर्फी हॉस्पिटल के उदय सिंह, अशर्फी कैंसर हॉस्पिटल के डॉक्टर गोपाल सिंह, एशियन हॉस्पिटल के सेंटर हेड सी राजन और रेड क्रॉस सोसाइटी की ज्वाइंट सेक्रेटरी निकिता गुप्ता को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया. साथ ही धनबाद में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय समाजसेवा एवं कल्याणकारी कार्य कर रहे संस्थाओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.

उपस्थित अतिथियों ने फाउंडेशन के स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की. फाउंडेशन के प्रवक्ता ने कहा कि यह एक पंजीकृत गैर सरकारी संगठन है तथा झारखंड में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहा है. इसका उद्देश्य सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता और रक्त अधिकोष के बीच सामंजस्य बनाना, लोगों को स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना, रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए अस्पतालों, रक्त अधिकोष और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग करना, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण रक्त संग्रह समेत परीक्षण और वितरण सुनिश्चित करना है. फाउंडेशन की उपलब्धियों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम लाखों यूनिट से अधिक रक्त एकत्र किया जाना शामिल है.

**कला** हॉबी सेंटर धनबाद एवं सिंफर स्टॉफ क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम

# वार्षिक पेंटिंग प्रतियोगिता में 250 परीक्षार्थियों ने लिया भाग

**खास बातें**

- सिंफर सामुदायिक भवन में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर
- आर्टिस्ट कल्याण सेनगुप्ता ने की प्रतियोगिता की अध्यक्षता

संवाददाता । धनबाद



बंगीय संगीत परिषद कोलकाता से संबद्ध हॉबी सेंटर धनबाद एवं सिंफर स्टॉफ क्लब के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को सिंफर सामुदायिक भवन में वार्षिक पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई. इसमें पहली पाली की प्रतियोगिता में अध्या, मध्या, पूर्णा और फर्स्ट ईयर स्टूडेंट व दूसरी पाली की प्रतियोगिता में सेकंड ईयर से सिक्स ईयर ) बच्चों ने भाग लिया. कार्यक्रम के दौरान रविंद्र नृत्य, गीत और गिटार की प्रस्तुति भी विद्यार्थियों द्वारा की गई. इस प्रतियोगिता में धनबाद के अलावे बोकारों से कुल 250 बच्चों ने भाग लिया. स्टूडेंट्स के साथ-साथ कई टीचर भी इस प्रतियोगिता को देने पहुंचे.इस प्रतियोगिता में मार्केट सीन,काईट फ्लाइंग, फेस्टिवल सिन, फिशिंग, फ्रूट बास्केट एवं अन्य थीम बनाने को दिए गए थे.

एग्जामनर के तौर पर आसनसोल से प्रख्यात आर्टिस्ट कल्याण सेनगुप्ता अतिथि के रूप में उपस्थित हुए. हॉबी सेंटर के डायरेक्टर जाने- माने आर्टिस्ट शिव शंकर धर ने बताया कि विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों से कक्षा छह से कक्षा 10वीं और उससे ऊपर के बच्चों के अलावे कई स्कूलों के शिक्षक ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया है. उन्होंने बताया इस प्रथम साल से छठी साल की प्रतियोगिता के बाद मास्टर ट्रेनिंग दी जाएगी. चित्रांकन प्रतियोगिता को सफल बनाने में धनबाद के जाने माने आर्टिस्ट हॉबी सेंटर के डायरेक्टर शिव शंकर धर, जोइता सोहनी धर, भविता चावड़ा, अर्नब अशोक दास, आंसू झूमा बुद्धदेव सक्रिय थे.सिंफर स्टाफ क्लब के सचिव सदानंद शर्मा एवं सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया और आगे भी इस तरह के ज्ञानवर्धक व रोचक कार्यक्रम करने का निर्णय लिया.

### भाकपा माले ने चारू मजुमदार के शहादत दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया

**मैथन।** भाकपा माले के संस्थापक सह प्रथम महासचिव कामरेड चारू मजुमदार के 52 वें शहादत दिवस को भाकपा माले ने जुनकुदर में संकल्प दिवस के रूप में मनाया. इस दौरान उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर श्रध्दांजलि दी गई. वक्ताओं ने कहा कि चारू मजुमदार भाकपा माले के संस्थापक नेता व प्रथम महासचिव थे. उन्होंने शोषण मुक्त समाज का निर्माण करने के लिए पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी नामक जगह से आंदोलन की शुरुआत की थी, जिसमें किसान-मजदूरों और छात्र-नौजवानों की अहम भूमिका रही. 28 जुलाई 1972 को कोलकाता के लालबाजार थाने के लॉकअप में उनकी मौत हो गई. उनके विचारों को पार्टी कार्यकर्ता पूरे देश में फैला रहे हैं. इस अवसर पर जुलाई-अगस्त माह में पार्टी के सांगठनिक विस्तार और आंदोलनात्मक कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया.

GC SALES
Mob. : 9431125135
Praveen Agarwal
Housing of Distribution
safari
All Item Ladies Purse Local Toli



Kadmiya Bhawan, Ratanji Road, Purana Bazar, Dhanbad (Jharkhand)



बाबूलाल मरांडी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा
अमर कुमार बाउरी, नेता प्रतिपक्ष
ढुल्लू महतो सांसद
अश्विनी कुमार पाण्डेय
शुभकामनाएं




♦ Pillar Less 4000Sq.ft. AC Hall
♦ Facility for Guests
♦ 30 Nos. of Luxurious Rooms
♦ Lift Facility
♦ First Elevated Swimming Pool
♦ Parking Facility
♦ Sweet Rooms, Banquet Hall
TILAKRAIDIH, AMAGHATA, NEAR MAA DHARAM KATA, GOBINDPUR, DHANBAD
MOBILE : 9334073093, 7004249799

**ब्रीफ खबरें**

### सांसद ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

**बोकारो।** दुंदीबाग हटिया में पीसीसी सड़क 80 लाख की लागत से बनेगा. भाजपा सांसद दुल्लू महतो व बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने संयुक्त रूप से इसका शिलान्यास किया. सांसद व विधायक को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र दे कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया. सांसद ने कहा कि हमने जो आपलोगों से सड़क का वादा किया, वो आज पूरा किया. आपलोगों ने हमें जीता कर अपना आशीर्वाद दिया. मैं बोकारो के गरीब जनता का काम को अपना समझ कर पूरा करूंगा.

### उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती ने अपने गोपनीय कार्यालय कक्ष में ग्रामीण कार्य विभाग एवं एनआरईपी अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की. उपायुक्त ने ग्रामीण कार्य विभाग एवं एनआरईपी अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं, कार्यों की समीक्षा क्रमबद्ध रूप से की एवं सभी योजनाओं को दिए गये समय पर पूर्ण करने को कहा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस मौके पर मौजूद सहायक अभियंता दिवाकर मिश्रा, अरविंद मुर्मू, सुभाष सिंह, कनीय अभियंता बृज कुमार मल्लिक एवं अन्य उपस्थित थे.

### कांवरियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम रवाना

**कथारा।** सावन के पावन महीने में देवघर में स्थित बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक को लेकर बेरमो प्रखंड क्षेत्र के जारंगडीह से कांवरियों का जत्था रविवार को रवाना हुए. बाबा बैजनाथ धाम जाने से पूर्व सभी कांवरियों ने जारंगडीह बाजार स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की. पूजा अर्चना के उपरांत सभी कांवरियों ने बाबा भोलेनाथ की जयकारे लगाए और जलाभिषेक के लिए रवाना हुए. जिस दौरान जारंगडीह का माहौल भक्तिमय बना रहा. पूरा जारंगडीह बोल बम के नारों से गूंजता रहा. जाने वाले कांवरियों में मुख्य रूप से दर्शन कुमार, सुनील साव, सपना राम, दिपक कुमार, सुभाष रजवार सहित अन्य दर्जनों लोग शामिल थे.

### किसानों में मकई का बीज वितरण

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ प्रखंड के ग्राम पंचायत तारा के ग्राम सिमानी में रविवार को कृषि विभाग द्वारा लगभग पचास से अधिक किसानों के बीच मकई तथा अरहर की बीज बांटी गई. मौके पर मुखिया पति लक्ष्मण महतो, पंचायत समिति मनोज पंडा मौजूद थे. इस दौरान किसान मित्र मोहमद अलाउद्दीन ने बताया कि जिन खेतो में यह लगाई जाय, सबसे पहले भरपूर जोताई कर उनकी मिट्टी भुर भूरा कर लें. बीज की रोपाई श्री विधि के तहत होने से बेहतर उपज देगी. कहा कि बीज बोते समय रासायनिक खाद का बहुत कम इस्तेमाल करें. कहा कि समय पर पौधे को पटवन भी करें, तभी पुष्ट दाने हो सकती है. इधर वितरण में उपेंद्र वर्मा, इतवारी महतो, संजय पंडित, दर्शन महतो, खोशलाल महतो, दिनेश प्रसाद वर्मा, सानू कुमार, सुरेश वर्मा आदि मौजूद थे.

### जरूरतमंदों के बीच आवश्यक सामग्री का वितरण

**बोकारो।** संस्था महिला शिशु जन विकास समिति द्वारा इस्पात नगर के प्रधान कार्यालय सुखदेव नगर वार्ड नंबर 17 चास में स्वास्थ्य एवं पोषण सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संस्था की सचिव आरती जयसवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दलित और निर्धन समुदायों में पोषक आहारों के प्रति जागरूकता फैलाना और कुपोषण को समाप्त करना है. पुरूषोत्तम सिन्हा व आरती जयसवाल ने जोधाडीह मोड़, चास स्थित बाबा वैद्यनाथ जन सेवा समिति वृद्ध आश्रम का दौरा किया. उन्होंने 9 बुजुर्ग महिलाओं और 2 बुजुर्ग पुरुषों के बीच दैनिक आवश्यक वस्तुओं जैसे दवाइयाँ, फल, पोदीना हरा, चटनी और अन्य जरूरी सामान का वितरण किया. इसके साथ ही वृद्धों के बीच एक परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य का ख्याल कैसे रखा जाए, इस पर चर्चा की गई. वृद्ध आश्रम के स्टाफ को भी आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया. वहीं आरती जयसवाल ने चंकी पांडेय, बित्तू प्रमाणिक, अनिता रजनी देवी सहित कई कार्यकर्ताओं के साथ बाउरी मोहल्ला में जाकर दैनिक आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया.

## सड़क पर जल जमाव बना लोगों के लिए मुसीबत, राहगीरों को हो रही भारी परेशानी

# जर्जर सड़क पर आए दिन हो रही दुर्घटना

**संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**



बरसात के मौसम में होने वाली बारिश ने खेत-खलिहान, नदी, कुएं, तालाब आदि को भर दिया है. भीषण गर्मी से झूलस रहे लोगों को भी इससे राहत मिल गई है, लेकिन इसी बारिश ने कई लोगों की परेशानी भी बढ़ा दी है.

तिसरी प्रखंड के पलमरुआ गांव के लोग इन दिनों सड़क पर होने वाले जल जमाव से खासे परेशान नज़र आ रहे हैं. दरअसल चंदौरी से पलमरुआ जाने वाली मुख्य सड़क पर बहुत सी जगह जर्जर हो चुकी है. सड़क कहीं पक्की है तो कहीं मिट्टी की. वहीं पलमरुआ गांव स्थित मुख्य सड़क पर गड्ढा बन चुका है, जहां पिछले दिनों हुई बारिश से जल जमाव हो गया है. जिसके कारण वहां रहने वाले और आस-पास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि यहां पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है.

इस संबंध में बीस सूत्री अध्यक्ष मो. मुनीबुद्दीन ने बताया कि यह समस्या पिछले बरसात से ही है. ठीक इसके आगे ही एक बड़ा सा गड्ढा बना हुआ था, पिछले वर्ष डीसी के काफिले को रुकवा कर उन्हें अवगत कराया था तो उतने दूर रोड बन गया. उसके बाद यह रास्ता इतना खराब हो गया है कि प्रतिदिन कोई न कोई व्यक्ति गिर रहा है. उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मुलाक़ात कर लिखित आवेदन देते हुए सड़क मरम्मति का आग्रह किया है. साथ ही उपायुक्त से भी इस सड़क को जल्द से जल्द बनवाने की मांग की.

**तिसरी प्रखंड को जमुई से जोड़ती है सड़क**

यह सड़क गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड को पलमरुआ, लोकाय, थानसिंहडीह होते हुए सीधा बिहार के जमुई जिले से जोड़ती है, जिसके कारण इस पथ पर रोजाना कई वाहनों का आवागमन होता है. चार पहिया वाहनों को तो ज़्यादा परेशानी नहीं होती लेकिन दो पहिया वाहने कई मर्तबा इसमें फंस जाती है. स्थानीय लोग बताते हैं कि बीच सड़क पर हुए इस जलजमाव के कारण कई लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं. आये दिन पानी से भरे इस गड्ढे में कोई न कोई गिरता ही है. वहीं इस गड्ढे में पिछले दिनों एक व्यक्ति का एप्पल का आई फोन भी गिरने की बात कही जा रही है.

पंचायत समिति मो. कादिर ने कहा कि इस पंचायत में चार जगहों पर ऐसी स्थिति बनी हुई है. अगर जल्द मरम्मत ना हुई तो परेशानी और भी बढ़ सकती है.

ग्रामीण मो. साहेब ने कहा कि स्कूल के बच्चों को, यहां रहने वाले लोगों को और राहगीरों को इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. यहां से गुजरते वक्त बाइक बीच रास्ते में ही फंस जा रही है. यहां दुर्घटना की संभावना बनी रहती है इसलिए स्थानीय जनप्रतिनिधि और डीसी से इस ओर ध्यान देने की मांग की.

मो. शमीम ने कहा कि यह परेशानी बहुत दिनों से है, कोई प्रतिनिधी ध्यान नहीं दे रहें हैं.

मुखिया प्रतिनिधि मो. मुस्तकीम ने कहा कि हम अपने प्रयास से सड़क पर मोरम गिराए हैं.

## कलस्टर स्तरीय खेल में 11 विद्यालयों के 2300 खिलाड़ियों ने लिया भाग

# अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट में डीएवी इस्पात विद्यालय 9ई बना विजेता

**संवाददाता। बोकारो**



डीएवी सेक्टर-6 में डीएवी स्पोर्टस 2024 की संकुल स्तरीय (कलस्टर लेवल) झारखंड जोन जी के खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर 11 विद्यालयों के लगभग 2300 खिलाड़ियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में एरोबिक्स, एथलीट, बॉक्सिंग, बास्केट बॉल, चेस, क्रिकेट, जूडो, कराटे, ताईक्वांडों, वुशू आदि खेल का आयोजन हुआ. कार्यक्रम की शुरूआत डीएवी गान एवं वैदिक मंत्रों के द्वारा किया गया.

विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुराधा सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा भेंट स्वरुप पौधे प्रदान किए. इस अवसर पर डीएवी जोन-जी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी विपिन राय ने महान खिलाड़ियों के जीवन के बारे में चर्चा की तथा खेल के माध्यम से भी लोगों को भविष्य संवारने की बातें कहीं.

मुख्य अतिथि राजन प्रसाद, ई.डी, (पी एंड ए) सेल ने कहा कि आज बच्चें अपने जीवन के बहुत सारे चुनौतियों को फेस कर रहे हैं. खेल के माध्यम से उनमें अनुशासन, सामाजिक कार्य क्षेत्र में भागीदारी, नेतृत्व करने की क्षमता आदि का विकास होता है.

इस अवसर मुख्य अतिथि राजन प्रसाद ई डी (पी एंड ए) सेल, विशिष्ट अतिथि बी एस जायसवाल, एल.एम.सी अध्यक्ष, विपिन राय सहायक क्षेत्रीय अधिकारी झारखंड जोन-जी, सुजय कुमार सी.जी .एम वित्त-विभाग सेल, मीनम मिश्रा, जी.एम, शिक्षा विभाग, सत्येंद्र कुमार प्राचार्य-डीएवी ढोरी, दोलन चंपा बैनर्जी प्राचार्या डीएवी स्वांग, प्रसन्नजीत कुमार पाल प्राचार्य डीएवी दुग्धा, आकाश कुमार सिन्हा प्राचार्य, डीएवी ललपनिया, एस.एस कर, प्राचार्य डीएवी-4, पी.के दुबे, प्राचार्य, आशा लता, नागेन्द्र प्रसाद डीएवी इस्पात विद्यालय 8, योगेंद्र प्रताप डीएवी इस्पात विद्यालय 9, मौसमी मल्लिक इस्पात विद्यालय 2 सहित विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षक, कोच मैनेजर सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे. मंच संचालन रूबी यादव, मनीषा सहाय एवं भावना घले के द्वारा किया गया.

### उपायुक्त ने की पेयजल स्वच्छता विभाग की समीक्षा

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा गोपनीय कार्यालय प्रकोष्ठ में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, साहिबगंज अंतर्गत चल रही योजनाओं जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की विस्तृत समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए. साहिबगंज मेगा वाटर सप्लाई स्कीम के तीनों पार्ट क्रमशः राजमहल मेगा रुरल वाटर सप्लाई स्कीम, बरहेट मेगा रूरल वॉटर सप्लाई स्कीम एवं साहिबगंज मेगा रूरल वाटर सप्लाई स्कीम का री टेंडर की प्रक्रिया जल्द से जल्द कराते हुए ससमय पेयजलापूर्ति कराने का निर्देश दिया गया. साहेबगंज शहरी जलापूर्ति योजना के कार्य में तेजी लाने एवं जल्द से जल्द योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया. इसके साथ ही कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन हेतू जो रोड कटिंग की जा रही है, उसमें यथा शीघ्र री स्टोर कराने का निर्देश दिया गया. इसके साथ ही एल एंड टी के द्वारा पाइप बिछाने के क्रम में किए जा रहे रोड कटिंग का रेस्टोरेशन का कार्य जल्द से जल्द कराने का निर्देश दिया गया. तालझारी प्रखण्ड सम्पूर्ण आच्छादन ग्रामीण जलापूर्ति योजना को ससमय पूर्ण करने एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया गया.

## झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष का इलाज के दौरान निधन

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**



वर्तमान मुखिया सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष नुनुलाल मुर्मू का रांची मेदांता अस्पताल में रविवार देर शाम को निधन हो गया.

बताया जाता है कि बेंगाबाद प्रखंड के झलकडीहा पंचायत के मुखिया लगातार पंद्रह वर्षों से कार्य कर रहे थे. साथ ही साथ झामुमो में एक सक्रिय नेता के रूप में कार्य कर रहे थे. अचानक इनकी तबियत बिगड़ गई थी. दस से पंद्रह दिन पूर्व नव जीवन नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था. स्तिथि गड़बड़ रहने के कारण इनको गिरिडीह से रांची मेदांता के लिए रेफर कर दिया गया था. इलाज के दौरान पता चला की इन्हें कई प्रकार की शारिरिक कष्ट है. हालांकि इनकी इलाज चल रही थी, परंतु इलाज से सुधार नहीं हुई और उनकी मेदांता अस्पताल में ही मृत्यु हो गयी.

बता दें कि नुनूलाल मुर्मू वर्तमान में मुखिया थे. हालाँकि पांच साल पूर्व लोकप्रियता होने के कारण अपनी पत्नी रानी देवी को भी मुखिया बना दिए थे और पंचायत में पंद्रह वर्षों से मुखिया के प्रतिनिधि एवं प्रतिनिधित्व कर रहे थे. अपने समाज के साथ-साथ अन्य समाजो में भी उनकी एक अलग पहचान थी. साथ ही साथ स्वर्गीय सालखन सोरेन के विधायक प्रतिनिधि के रूप में कार्य किये थे. उनके निधन की सूचना मिलते ही सोसल मीडिया पर काफी सराहनीय बातें लिखी जा रही है. घटना से पंचायत में मातम पसरा हुआ है और उनके परिजनों को सूचना मिलते है रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है. उनके निधन पर वर्तमान प्रखंड अध्यक्ष नुनुराम किस्कु, सुरेश सिंह, नीलकंठ मंडल, शिव शंकर मंडल, बासुदेव यादव, बिपिन सिंह, मो जाकिर हुसैन सहित कई कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया है.

## ठीका मजदूरों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का सीटू ने किया विरोध

**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो के सेक्टर 9 स्थित इस्पात मजदूर मोर्चा (सीटू) के यूनियन कार्यालय में रविवार को कार्यकर्ताओं की बैठक की गई. बैठक में बोकारो स्टील प्रबंधन द्वारा ठीका मजदूरों के खिलाफ की जा रही दमनात्मक कार्रवाई पर गम्भीरता पूर्वक विचार किया गया और आने वाले दिनों में इसके खिलाफ मजदूर आंदोलन संगठित करने पर विचार किया गया.

बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के संयुक्त महामंत्री बीडी प्रसाद ने कहा कि लगभग 20 हजार ठेका मजदूर बोकारो स्टील प्लांट में काम करते हैं. इनकी संख्या परमानेंट मजदूरों व कर्मचारियों के लगभग दुगनी है. इसलिए ठेका मजदूर इस्पात उत्पादन से लेकर मुनाफा कमाने में दोगुना महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन बोकारो स्टील प्रबंधन इन ठेका मजदूरों की मजदूरी, भत्ता, ग्रेच्युटी, सम्मानजनक बोनस, छुट्टी आदि सुविधाओं के लिए कोई सिस्टम नहीं बनाना चाहती है. बल्कि ठेका मजदूरों की एडब्लूए की राशि को पदाधिकारी, ठीकेदारों की सांठ-गांठ से हड़प लेते हैं. विरोध करने पर ठेकेदार से मिलकर मजदूर का गेट पास छीन कर काम से बाहर निकालवा देते हैं.

इतना हीं नहीं, अब तो बोकारो स्टील प्रबंधन इन ठीका मजदूरों को डराने-धमकाने के लिए बोकारो जेनरल अस्पताल में मेडिकल जांच कराने का आदेश जारी कर दिया है. बीपी, सुगर जैसे मामूली लक्षण पाये जाने पर नॉट फिट फॉर ड्यूटी का रीमार्क्स लिख कर काम से बाहर निकाल देते हैं. यह निर्णय कितना ठीका मजदूर विरोधी और बर्बर है, इसे आसानी से समझा जा सकता है. बीडी प्रसाद ने कहा कि ठीका मजदूरों का चिकित्सा सुविधा के लिए इएसआई अस्पताल है, जो केन्द्र सरकार द्वारा संचालित है. इनका मेडिकल जांच तो इएसआई हॉस्पिटल में होना चाहिए. फिर ठीका मजदूरों का मेडिकल चेकअप बीजीएच में क्यों? इसका सीधा मकसद है मनमानी तरीके से ठीका मजदूरों को छंटनी करना. हक मांगने पर काम से बाहर निकालना.

इसलिए, सीटू ठीका मजदूरों का शोषण दमन के खिलाफ और ठीका मजदूरों के लिए स्थाई सिस्टम बनाने के लिए प्लांट स्तर पर मजबूत आन्दोलन संगठित करने का निर्णय लिया है. ठीका मजदूरों की मांगों को लेकर आगामी 9 अगस्त को प्लांट गोल चक्कर के पास जुझारू प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है. बैठक की अध्यक्षता केएन सिंह ने किया. बैठक को आरके गोराई, आरएन सिंह, बीपी सिंह, आर बी सिन्हा ने भी संबोधित किया.

## प्रतियोगिता | दो दिवसीय नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट क्लस्टर लेवल का समापन

# गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला ओवर ऑल चैंपियन

**संवाददाता। देवघर**




स्थानीय गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, भंडारकोला में कल से शुरू हुए नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट क्लस्टर लेवल का समापन आज हुआ. समापन समारोह के मुख्य अतिथि एम्स, देवघर के रजिस्ट्रार डॉ रत्नेश कुमार, एलएमसी के सदस्य तारा चंद जैन, डीएवी महेशपुर के प्राचार्य डॉ एस एन सिंह, जी डी डीएवी कास्टर टाउन के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह, डीएवी पाकुड़ के प्राचार्य विश्वजीत चक्रवर्ती, श्रेया भार्गव, पूनम सिंह और जैन ने विजेताओं को मेडल प्रदान किया.

मुख्य अतिथि ने कहा कि दो दिनों तक जिस खेल भावना का परिचय बच्चों ने दिया वह अद्भुत है. इस तरह की प्रतिस्पर्धा से बच्चों में ईमानदारी, दयालुता, ज़िम्मेदारी, सम्मान और सहानुभूति जैसी खेल भावना जागती है.

विशिष्ट अतिथि ताराचंद जैन ने विजयी प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया और कहा कि डीएवी द्वारा ऐसी प्रतियोगिता करवाने से एक से बढ़कर एक खिलाड़ी निकल कर आ रहे हैं.

आज खेले गए शतरंज प्रतिस्पर्द्धा के अंडर 14 बालिका वर्ग में गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, भण्डारकोला विजेता और गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, कास्टर टाउन उप विजेता बना.

बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा के अंडर 14 बालक वर्ग में डीएवी सीसीएल विजेता और डीएवी कास्टर टाउन उपविजेता बना. अंडर 17 बालक वर्ग में डीएवी सीसीएल विजेता और डीएवी भंडारकोला उपविजेता बना. अंडर 19 बालक वर्ग में बीएनएस डीएवी विजेता और जी डी डीएवी भंडारकोला उपविजेता बना. अंडर 14 बालिका वर्ग में जीडी डीएवी भंडारकोला विजेता और जीडी डीएवी कास्टर टाऊन उपविजेता बना. अंडर 17 बालिका वर्ग में डीएवी पाकुड़ विजेता और जीडी डीएवी भंडारकोला उपविजेता बना.

अंडर 19 बालिका वर्ग में बीएनएस डीएवी विजेता बना.

योग प्रतिस्पर्धा के अंडर 14 बालिका वर्ग में जी डी डीएवी कास्टर टाऊन विजेता और जी डी डीएवी भंडारकोला उपविजेता बना. अंडर 17 बालिका वर्ग में जी डी डीएवी भंडारकोला विजेता बना.

अंडर 14 बालक वर्ग में जी डी डीएवी कास्टर टाऊन विजेता और सीसीएल डीएवी उपविजेता बना.

खो खो प्रतिस्पर्द्धा के अंडर 17 बालक वर्ग में डीएवी सरिया विजेता और जी डी डीएवी भंडारकोला उप विजेता बना. अंडर 17 बालिका वर्ग में डीएवी सरिया विजेता और जी डी डीएवी भंडारकोला उपविजेता बना. अंडर 14 बालक वर्ग में जी डी डीएवी भंडारकोला विजेता और डीएवी चितरा उपविजेता बना. अंडर 14 बालिका वर्ग में जी डी डीएवी भंडारकोला विजेता और डीएवी चितरा उपविजेता बना. अंडर 19 बालिका वर्ग में डीएवी सीसीएल विजेता बना.

टेबल टेनिस प्रतिस्पर्धा में सबसे ज्यादा पदक जीत कर बीएनएस डीएवी, गिरिडीह ओवरऑल चैंपियन बना. कराटे, वूशु और ताइक्वांडो की प्रतिस्पर्धा में सबसे ज्यादा पदक जीत कर गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला ओवरऑल चैंपियन बना. दो दिवसीय खेल के महाकुंभ को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की अहम भूमिका रही. उक्त आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी अभिषेक सूर्य ने दी.

### डेढ़ हजार लीटर स्पिरिट बरामद

**पथरगामा।** पथरगामा प्रखंड के समीप स्थित मैदानी भाग से पुलिस ने 31 जरकिन स्पिरिट को बरामद किया है. बीते रात्रि पथरगामा पुलिस को मिली गुप्त सूचना के बाद लावारिस हालत में मिले स्पिरिट की बड़ी खेप को बरामद किया है. पचास लीटर की क्षमता वाले 31 जरकिन में करीब डेढ़ हजार लीटर से अधिक की मात्रा में स्पिरिट भरी हुई थी. इस अवैध स्पिरिट का प्रयोग शराब निर्माण करने में होता है. पथरगामा पुलिस ने चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर किसी के घर कोई आपत्तिजनक सामान है तो इसे हटा दे अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इसके बाद अवैध शराब कारोबारी अपने घरों से समान निकाल कर बाहर फेंक रहे हैं. हालांकि इस दौरान किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है. इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर लिया है.

### ग्लोबल वार्मिंग से बचने का एकमात्र उपाय पौधरोपण : प्रमोद

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ प्रखण्ड के प्लस टू उच्च विद्यालय दुम्मा में रविवार को पेड़ लगाओ औऱ पृथ्वी बचाओ अभियान की शुरुआत पौधरोपण कर किया गया. कार्यक्रम में पर्यवारण और हम विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता सन्तोष कुमार वर्मा एवं संचालन विद्यालय के प्राचार्य बिनोद वर्मा ने किया. संगोष्ठी का उद्घाटन पुलिस इंस्पेक्टर जमुआ प्रमोद कुमार सिंह ने किया. अपने सम्बोधन में प्रमोद सिंह ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग आज वैश्विक समस्या बनकर उभर रहा है. कहा कि भविष्य की भयावहता का आकलन करते हुए अभी से ही हमें सचेत हो जाना चाहिए. कहा कि हर ब्यक्ति को दस पेड़ हर साल लगाना चाहिए. थाना प्रभारी जमुआ मणिकांत कुमार ने कहा कि पर्यवारण की रक्षा के लिए सभी को प्रयास करना होगा. मुख्य वक्ता डॉ शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि पेड़ देवता है. पेड़ कुछ लेते नहीं देते हैं. पेड़ से कई लाभ है. इसलिए पेड़ लगाना जरूरी है. संगोष्ठी में अजीत राय, अनुज सेठ, रतन पांडेय, राजेन्द्र वर्मा, रविन्द्र विद्यार्थी, अतुल सेठ, सुभाष पंडा, रूपलाल दास, विवेक कुमार, अनूप सिंह, डॉ निगम कुमार, निक्कू कुमार, धनराज वर्मा, छोटू राणा, रंजीत कुमार वर्मा सहित कई लोग थे.

### शहादात दिवस पर याद किए गए भाकपा माले के संस्थापक

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** भाकपा माले के संस्थापक चारू मजूमदार की शहादत बरसी पर बेंगाबाद पार्टी कार्यालय में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा शोषित-पीड़ित जनता के मुक्ति संघर्ष का पथ प्रदर्शक बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया. यहां अपने वक्तव्य में पार्टी नेता राजेश यादव ने कहा कि चारू मजूमदार ने कहा था कि जनता का मुद्दा ही पार्टी का मुद्दा है. उनके इस कथन की प्रासंगिकता जन संघर्ष की राजनीति में हमेशा बनी रहेगी. आज के संदर्भ में भी हमें जनता के ज्वलंत मुद्दों को केंद्र कर उन्हें संगठित करके आंदोलन तेज करने का काम करना चाहिए. कहा कि मौजूदा समय देश और राज्य की सरकारों के जन विरोधी नीतियों से आम जनता परेशान हैं. अमीर-गरीब के बीच खाई बढ़ती ही जा रही है. देश के युवाओं सहित किसान और मजदूर वर्ग तबाही के कगार पर पहुंच गए हैं. शहीदों के आदर्शों पर संघर्ष ही एकमात्र विकल्प बचा है. आज की संकल्प बैठक में मुख्य रूप से शिवनंदन यादव, रामलाल मुर्मू, शंभू ठाकुर, फोदार सिंह, मनोज कुमार यादव, महेंद्र साव, सुखदेव गोस्वामी, रियाज अंसारी, भुदाली पंडित, जयनारायण सिंह, बलदेव साव, सत्यनारायण साव सहित अन्य मौजूद थे.

### भाकपा माले संस्थापक चारु मजूमदार को किया नमन

**गावां (गिरिडीह)।** भाकपा माले संस्थापक महासचिव चारु मजूमदार का 52वां शहादत दिवस मनाया गया. गांव-टोलों में सदस्यों के बीच पार्टी का झंडोतोलन के बाद चारु मजूमदार की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया. केंद्रीय कमिटी के संकल्प पत्र का पाठ पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने पढ़ाया. पार्टी को मजबूत करने के लिए 28 से 31 जुलाई तक गांव-गांव में पार्टी सदस्यों और आमलोगों के बीच बैठक आयोजित की जाएगी. हक दो, वादा निभाओ, जन अभियान को शुरू किया जाएगा . आगामी महीनों में सभी गरीब परिवारों को स्वरोजगार के लिए पांच लाख रुपया देने की मांग के साथ प्रखंड स्तरीय प्रदर्शन किए जाएंगे. सदस्यों से सहयोग राशि, पार्टी पत्रिका का वार्षिक ग्राहक बनाने, पार्टी में नए सदस्य भर्ती करने के कार्यभार को पूरा करने का संकल्प लिया गया. मौके पर प्रदीप यादव, जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, अखलेश यादव, नागेश्वर यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

### मिड टाउन कपल्स ने लगाये फलदार पौधे

**बोकारो।** रोटरी क्लब आफ बोकारो मिड टाउन कपल्स के सदस्यों द्वारा दूसरी बार केन्द्रीय विद्यालय, सेक्टर 4 बोकारो में 100 फलदार पौधे लगाए गये. रोटरी के सदस्यों ने केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया. रोटरी के अध्यक्ष रंजन गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने बहुत जरूरी है. बारिश के मौसम में सभी को पौधरोपण में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि बारिश में पौधे जल्दी उग जाते हैं. क्लब के सचिव पुनीत जोहर ने बताया कि पेड़ जीवन का आधार है, पेड़ों से ही हमारे जीवन में हरियाली आती है. कार्यक्रम में रोटरी मिडटाउन क्लब के कोषाध्यक्ष सुभाष जैन, असिस्टेंट गवर्नर साजन कपूर, मोहित अग्रवाल, दिव्या जोहर, शिव अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अमीषा अग्रवाल, मिनी स्टीफन कपूर, कविता विकास जैन, साक्षी अमित जोहर आदि ने हिस्सा लिया.

### जिप सदस्य ने किया शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास

**कसमार (बोकारो)।** जरीडीह प्रखंड के अराजू पंचायत के दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को स्थानीय जिप सदस्य सुनीता टुडू के मद से शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया. इस दौरान जिप सदस्य सुनीता टुडू ने बताया कि जल्द ही इस क्षेत्र में कई विकास योजनाओं की बुनियाद रखी जायेंगी. जिला स्तर पर कई योजनाएं स्वीकृत हो चुकी है. उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि किसी तरह की समस्या या परेशानी हो, उन्हें 24 घंटे कभी भी फोन से सूचना दें, जरूर समस्या का समाधान किया जाएगा. मौके पर समाजसेवी सुनील टुडू, बसंत कुमार मोदी, मथुर साव, राजेंद्र प्रसाद रजक, लालू साव, सुधीर रजक, सुखदेव मांझी, निताय साव, पीतांबर महथा, भुनेश्वर साव, रामचंद्र नायक, चिकु मेहता व अन्य ग्रामीण मौजूद थे. इधर इसके अलावा गंगजोरी पंचायत के काली मंदिर परिसर भी जिप सदस्य सुनीता टुडू के मद से शेड निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया. मौके पर स्थानीय मुखिया अंजू देवी, निवास कुमार महतो, मुकुंद चंद्र महतो, राकेश कुमार महतो, चक्रधारी प्रसाद, राजेश कुमार आदि मौजूद थे.

### सफाई कर्मियों ने निकाला मशाल जुलूस

**कथारा।** फुसरो नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत झारखंड लोकल बांडिज इंप्लाइज फेडरेशन के बैनर तले निकाय में कार्यरत श्रमिक, दैनिक कर्मी व मानदेय कर्मी की सेवा नियमित करने समेत छह सूत्री मांगों को लेकर फुसरो बाजार में बीते दिन देर शाम को मशाल जुलूस निकाल कर राज्य सरकार के प्रति विरोध जताया. मशाल जुलूस नगर परिषद फुसरो कार्यालय से निकल कर नारेबाजी करते हुए निर्मल महतो चौक पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया. सफाई कर्मी छोटू राम ने कहा कि छह सूत्री मांग को लेकर फेडरेशन के बैनर तले मशाल जुलूस निकाल कर राज्य सरकार के प्रति विरोध जता रहे हैं. राज्य सरकार सफाई कर्मचारियों को उनके अधिकार से वंचित कर रही है. जिसके कारण सफाई कर्मचारी खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं.

### लोयोला डे पर संत जेवियर विद्यालय में पवित्र मास का आयोजन

**बोकारो।** लोयोला डे के उपलक्ष्य में संत जेवियर विद्यालय के चैपल हाल में शनिवार को पवित्र मास का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज, फादर मनोज, फादर निर्मल सहित सिस्टर्स, उप प्रधानाचार्य, शिक्षकवृंद, अभिभावकगण व विद्यार्थीगण सम्मिलित हुए. जिसमें संत इग्निसियस ऑफ लोयोला को याद किया गया. इस समारोह में सभी फादर्स को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया, क्योंकि इनके द्वारा जेसुइट के सिद्धांतों को मजबूत रूप से लेकर बढ़ा जा रहा है. पूरे संसार के येसु समाजी को संत लोयोला के येसुसंघी होने पर गर्व है. संत इग्नासियुस ने कहा था कि मनुष्य को इससे क्या लाभ, जब वह सारा संसार कमा ले, लेकिन अपनी आत्मा गवां दे. पूरे संसार के जेसुईट्स संत इग्नासियुस लोयोला के इन्हीं वाक्यों को अपनी समर्पित सेवा में जीवंत कर रहे हैं. इस अवसर पर मसीहियों ने संत इग्नासियुस लोयोला के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया. उनके बताए गए रास्ते पर चलने का निर्णल लिया.

### त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल में शिक्षा सप्ताह का समापन

**कसमार (बोकारो)।** त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल बहादुरपुर में रविवार को शिक्षा सप्ताह का समापन हुआ. यह आयोजन 22 जुलाई से लगातार इस स्कूल में चलाया जा रहा है. सीबीएसई के द्वारा नई शिक्षा नीति के चतुर्थ वर्षगांठ की उपलक्ष्य में 22 से 28 जुलाई 2024 तक शिक्षा सप्ताह चलाने का विद्यालयों को निर्देश दिया गया था. इस दौरान विद्यालय समिति, अभिभावक, विधार्थियों, शिक्षकगणों के द्वारा इस अभियान के तहत अलग-अलग दिनों में टीएलएम दिवस, एफएलएन दिवस, खेल दिवस, कला एवं संस्कृति दिवस, कौशल दिवस एवं पर्यावरण उत्सव दिवस मनाया गया. जहां टीएलएम दिवस पर शिक्षकों एवं विधार्थियों द्वारा अलग-अलग विषयों से संबंधित टीएलएम का प्रदर्शन किया गया तथा इसकी उपयोगिता पर चर्चा की गई.

## ▼ ब्रीफ खबरें

### सीटू की प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

**रानीगंज।** सीटू का अखिल भारतीय अधिवेशन 9 से 11 अगस्त तक कोलकाता में होगा. जिसे ध्यान में रखते हुए राज्य भर में वैकल्पिक संस्कृति का अभ्यास करने के उद्देश्य से सीटू पश्चिम बर्दवान जिला समिति के आह्वान पर देश भर में एक सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है. इसी कडी में कोयला भवन रानीगंज में प्रतियोगिता का आयोजन की गई. जिसमें प्रमुख रूप से स्कूली छात्रों और क्षेत्र के आम लोगों के बच्चों ने हिस्सा लिए. जिसमें ड्राइंग, निबंध लेखन, कविता पाठ में प्रतियोगियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में वर्तमान समय में वन महोत्सव कार्यक्रम को सशक्त बनाने, वृक्ष लगाने की आवश्यकता, वृक्ष लगाने की प्रभावशीलता, एक वृक्ष में अनेक जीवन हैं सहित इन सभी विषयों पर चर्चा की.

### संत निरंकारी भवन में रक्तदान शिविर

**रानीगंज।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन से रानीगंज के सदानंद चक्रवर्ती लेन में संत निरंकारी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. यहां 130 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. यहां पर रक्तदाता के रक्तदान से पहले जांच की गई. उसका ब्लड प्रेशर, शुगर जांच किया गया. उसका वजन जांचा गया. उसके बाद ही रक्तदान करने का अवसर दी गई. इस बारे में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के दिलीप सिंह ने बताया कि हर साल की तरह यहां पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. संत निरंकारी मिशन प्रसिद्ध आध्यात्मिक संस्था है, जिसे यूनिवर्सल ब्रदरहुड मिशन के नाम से भी जाना जाता है. यह कोई नया धर्म या पंथ नहीं, बल्कि जातपात, वर्ग और वर्ण विभेद से परे समाज के सभी मनुष्यों को साथ लेकर चलने वाला एक आध्यात्मिक अभियान है, जिसका उद्देश्य मानव मात्र का कल्याण है.

### एमेच्योर सेशन आठ प्रतियोगिता आयोजित

**रानीगंज।** एम एम ए एंड फिटनेस अकेडमी रानीगंज के तत्वाधान में लक्ष्मी वाटिका भवन में एमेच्योर सेशन आठ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें आठ जिला से करीब 100 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिले के सुप्रसिद्ध उद्योगपति देवेन साव मुख्य अतिथि के रूप में रानीगंज रेलवे जीआरपी के इंचार्ज अजय मजुमदार, रानीगंज ट्रैफिक पुलिस प्रभारी चितोष मंडल, मुख्य आयोजक प्रभारी मोहम्मद मंसूर, आयोजन के सलाहकार संदीप भालोटिया, महिला समाज सेविका स्वीटी लोहिया एवं दीप्ती सराफ, डॉ एस माझी, पार्षद राजू सिंह, मोहम्मद शाहिद परवेज, रॉयल केयर हॉस्पिटल से श्री तापस, रंजीत दे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

### टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन

**रानीगंज ।** सुप्रसिद्ध संस्था स्पोर्ट्स असेंबली की तरफ से टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन संस्था परिसर में किया गया. पश्चिम बर्दवान जिला के विभिन्न स्थानों से कुल 65 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया. स्पोर्ट्स अध्यक्ष अमित भूत ने कहा कि छह ग्रुप में जिसमें बीगनीगस, अंडर 13, अंडर 15, अंडर 17 , अंडर 19 और मेन्स ग्रुप के प्रतियोगियों ने खेल का प्रदर्शन किया.

# ओडीएम स्कूल दुर्गापुर में अलंकरण समारोह

**खास बातें**

- नए छात्र नेताओं का अभिषेक

संवाददाता । दुर्गापुर



ओडीएम स्कूल दुर्गापुर की ओर से बहुप्रतीक्षित अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया. इस दिन स्कूल के सभी बच्चे और शिक्षक, शिक्षिकाएं असेंबली हॉल में एकत्रित हुए. जिसने छात्र नेतृत्व के एक नए युग की शुरुआत की. समारोह में स्कूल हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन और हाउस वाइस कैप्टन और प्रीफेक्ट्स को शामिल किया गया. जिन्हें औपचारिक रूप से उनकी जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं. इस समारोह में प्रिंसिपल मन्नू कपूर और विशिष्ट मुख्य अतिथि सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट समरेश कुमार की उपस्थिति ने शोभा बढ़ाई. कार्यवाही की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई. जिसके बाद छात्रों ने ओडीएम गान का भावपूर्ण गायन किया.

नवनियुक्त स्कूल लीडर और हाउस लीडर ने स्कूल ध्वज और हाउस ध्वज लेकर असेंबली हॉल में मार्च किया, जो नेतृत्व और टीम वर्क के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक था. स्कूल लीडर्स और हाउस लीडर्स ने स्कूल के मूल्यों और नियमों को बनाए रखने की शपथ ली तथा निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का वादा किया.

प्रिंसिपल मन्नू कपूर और मुख्य अतिथि समरेश कुमार ने चुने गए नेताओं को बैज और सैश प्रदान किए तथा उनकी नई भूमिकाओं को स्वीकार किया.

मुख्य अतिथि समरेश कुमार, सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट ने स्कूल में प्रभावी नेतृत्व पर एक प्रेरक भाषण दिया. जिसमें नेतृत्व, टीमवर्क और समर्पण के महत्व पर जोर दिया गया. समारोह का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जो कार्यक्रम का भव्य समापन था. नए शामिल छात्र नेता अब अपनी यात्रा शुरू करने के लिए तैयार हैं तथा अपनी दूर दृष्टि, उत्साह और नेतृत्व कौशल के साथ ओआईएस दुर्गापुर के भविष्य को आकार देंगे.

# तेल चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**खास बातें**

- स्थानीय लोगों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

संवाददाता । जामुड़िया



जामुड़िया औद्योगिक क्षेत्र के हिजलगोड़ा मोड़ पर कारखाने की गाड़ियां सड़क के किनारे खड़ी होती है. इन गाड़ियों से तेल चोरी करने की घटना सामने आई है. घटना जामुड़िया थाना अंतर्गत केंदा फाडी अंतर्गत हिजलगोड़ा मोड़ इलाके की है. जामुड़िया औद्योगिक इलाके के विभिन्न कारखानों में दूर-दूर से बड़े वाहन आते हैं. कारखाने में प्रवेश के लिए या किसी अन्य कारण से इन्हें सड़क के किनारे खड़ा किया जाता है और उन खड़ी गाड़ियों से लंबे समय से तेल चोरी हो रही थी.

सभी गाड़ियों के मालिकों ने इसकी शिकायत जामुड़िया थाना और केंदा फाड़ी में की थी. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तेल चोरी रोकने के लिए पुलिस इलाके में निगरानी कर रही थी. लेकिन फिर भी तेल चोरी का धंधा बंद नहीं हुआ. ऐसी ही एक घटना फिर से नजर आई, जब चार लोग एक खड़ी गाड़ी से तेल निकाल रहे थे. तभी ड्राइवर की नजर तेल चोरी करते हुए चार लोगों पर पड़ी तो ड्राइवर ने चारो तेल चोरों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन दो लोग भाग गए और दो लोगों को पकड़ लिया गया. इस घटना की जानकारी मिलते ही बाकी ड्राइवर भी मौके पर आ गए और 2 लोगों को पकड़ कर बहादुरपुर पेट्रोल पंप के बगल के एक होटल में ले गए. इसकी सूचना जामुड़िया थाना केंदा फाड़ी की पुलिस को दी गयी. पुलिस ने मौके पर आकर दोनों लोगों का पकड़ कर पूछताछ करने लगी तो उन्होंने बताया कि उनके दो और साथी हैं.

उन्होंने कबूल किया कि हम लोग कई दिनों से गाड़ियों से तेल चोरी कर रहे थे. तेल चोरी के आरोप में पुलिस दोनों लोगों को केंदा फाड़ी ले गयी. स्थानीय लोगों की शिकायत है कि यह घटना पहली बार नहीं है.

इससे पहले भी कई बार जामुड़िया औद्योगिक कारखाने के बाहर खड़ी गाड़ियों से तेल चोरी की घटना सामने आ चुकी है.

हमेशा की तरह प्रशासन छापेमारी करती है और कुछ तेल चोर पकड़े भी गये थे, लेकिन फिर भी चोरों का उत्पात कम नहीं हुआ है.

## बराकर रेल पुलिस ने चलाया छापेमारी अभियान

# अवैध रेलवे ई-टिकट बनाने वाला गिरफ्तार



संवाददाता । बराकर

आसनसोल रेल मंडल के बराकर आरपीएफ ने अवैध रेलवे ई टिकट बनाने वाले कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए आरपीएफ के एसआई अजीम हुसैन खान के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया. इस अवसर पर उनके साथ एसआई श्यामल कुमार, एएसआई राजेंद्र कुमार, केके यादव छापामारी दल में शामिल थे. इस दौरान छापामारी दल ने बराकर मदरसा रोड रानीबंगला अस्पताल के पास कौसेख नेटवर्क के बैनर तले ( दुकान ) ट्रैवल एजेंसी पर छापा मार कर तलाशी अभियान चलाया. इसके बाद दुकान के मालिक शेख कौसर उम्र लगभग 30 वर्ष को गिरफ्तार किया.

इस दौरान छापेमारी दल ने उस दुकान से अवैध रूप से उनके व्यक्तिगत यूजर आईडी से बनाए गए 18 रेलवे की टिकट जप्त किया गया. जप्त की गई 18 टिकटों का मूल्य 3323940 रुपए है. इसके अलावे टिकट बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले एक काले रंग का लैपटॉप और एक वीवो कंपनी का मोबाइल भी जप्त किया गया. इस मामले में आरोपी के खिलाफ आरपीएफ पोस्ट बराकर में 143 रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया तथा गिरफ्तार व्यक्ति को रविवार को सीजेएम आसनसोल एलडी कोर्ट भेजा गया.

### कांग्रेस का प्रदर्शन, सरकार पर लगाया महंगाई बढ़ाने का आरोप

**जामुड़िया।** जामुड़िया विधानसभा अंतर्गत जामुड़िया ब्लाक एक कांग्रेस कमेटी के द्वारा खाद्य सामग्री, सब्जियों और बिजली के बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी के विरुद्ध में एक रैली निकाली गई जिसमें राज्य सरकार से अविलंब समानों के दामों में बढ़ोतरी को कम कर स्वाभाविक स्थिति में लाने की मांग कि गई. इस मौके पर जामुड़िया ब्लाक एक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष परितोष बाउरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार का बाजार पर कोई नियंत्रण नहीं रहा. नित्यप्रति रोजमर्रा जिंदगी में आने वाले समानों के भाव अधिक रूप से बढ़ाई जा रही है. सरकार कल्याणकारी भावना के तहत काम करें और दमन के तरीके अपनाना छोड़ दे पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य विश्वनाथ यादव ने कहा कि सरकार कि पॉलिसी जनता को राहत देने वाली नहीं है पूरे देश में पश्चिम बंगाल का बिजली का दर प्रति यूनिट सबसे ज्यादा है. स्मार्ट मीटर आने से मध्यम वर्ग और गरीबों की परेशानी और बढ़ेगी खाद्य पदार्थों के दामों में सरकार का अब कोई नियंत्रण नहीं रहा.

### दुर्गा पूजा मंडप में दिखेगी हवा महल की झलक

**दुर्गापुर।** 'हवा महल' जयपुर, राजस्थान में स्थित है. इस हवा महल में शाही महिलाएं अपना दैनिक जीवन व्यतीत करती थीं. विभिन्न कार्यक्रम हुए. वह हवा महल दुर्गापुर के अग्रणी संस्कृति परिषद के दुर्गा पूजा मंडप इस बार की दुर्गापूजा का पंडाल तैयार हो रहा है. रविवार को खुंटीपूजा के साथ उनकी तैयारी की शुरूआत हुई. इस बार पूजा मंडप अग्रणी क्लब के बजाय बेनाचिति के महिषकापुर हाई स्कूल के मैदान में होगा. राज्य के पंचायत ग्राम विकास एवं सहकारिता मंत्री प्रदीप मजूमदार दुर्गापुर नगर निगम बोर्ड ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर्स के सदस्य राखी तिवारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. पुजो उद्यमी सोना चटर्जी ने कहा कि 57 साल में यह मंडप एक अलग रूप में सामने आएगा.

### उखड़ा आदिवासी क्लब ने जीती ट्रॉफी

**जामुड़िया।** शनिवार को रात्रि गोबिंद नगर खालसा क्लब की ओर से एक दिवस क्रिकेट टूर्नामेंट खेल का आयोजन किया गया. इस खेल का उद्घाटन जामुड़िया के विधायक हरेराम सिंह ने बल्ले से बॉल को मारकर किया. इस टूर्नामेंट मे कुल 22 टीमों ने भाग लिया. जिसमें उखड़ा आदिवासी क्लब ने निघा क्लब को 11 रनों से हराकर ट्राफी पर अपना कब्जा किया. इस खेल मे जितने वाले विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ अठारह हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया, वहीं उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ चौदह हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया.

## सीतारामपुर स्टेशन पर यात्री सुविधा की अनदेखी

# गलत दिशा-निर्देश से यात्रियों को परेशानी

**खास बातें**

- सीवाईएम की लापरवाही से समस्या

संवाददाता । बराकर



सीतारामपुर जंक्शन स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन से रेलवे मंत्रालय की ओर से सम्मानित किये जाने के बाद स्टेशन परिसर में कई तरह के विकास कार्य किये गये हैं, वहीं देखा जा रहा है कि यात्री सुविधा के लिए प्रवेश द्वार के सामने एक 15 फुट का लाइट बोर्ड लगाया गया है. जिसमें लोगों को सही जानकारी के बदले उल्टा दिशा निर्देश की जानकारी दे रहा है. जिसको लेकर भाजपा नेता टिंकू वर्मा ने ठीक निर्देश करने को बताया है. वहीं सीतारामपुर जंक्शन में स्टेशन परिसर में यात्री सुविधा हेतु प्रत्येक यात्री सुविधा को देखने के लिये सीवाईएम का पद से एक एस.एस.लेबल के स्टेशन मास्टर की नियुक्ति की गई. परतुं देखा जा रहा है कि सीतारामपुर स्टेशन में यात्री सुविधा हेतु कई समस्या है. जिन्हें सीवाईएम अनदेखी करते हैं. सीतारामपुर एससीसी कमेटी के सदस्य को डीआरएम कार्यलय का ऑॅर्डर लेकर आने को कहते हैं. स्टेशन के बाहर भीतर यात्री सुविधा की अनदेखी कर सीवाईएम ऑफिसर प्रथा को निभाने में ज़्यादा समय देते हैं. 2 और 3 नंम्बर प्लेटफार्म पर इनका अलग से आसनसोल रेल मंडल की ओर से एक चेंबर बना दिया गया हैं. जहां से स्टेशन में यात्री सुविधा असुविधा सुरक्षा का सारा इंतजाम देख लेते हैं. गौर करने की बात हैं सीतारामपुर में इनका रेलवे आवास भी नहीं हैं. 15 फ़िट का यात्री सुविधा बोर्ड में यात्रियों को प्लेटफार्म पर जाने के लिये उल्टा दिशा निर्देश में सबसे पहले टिकट खिड़की, 4 नंम्बर में भोजनालय, 5 नंम्बर में उच्च श्रेणी वेटिंग हाल को ग़लत दिशा निर्देश दिया हुआ है.

### युवा मारवाड़ी समाज का प्रथम वार्षिक उत्सव

**बराकर।** बराकर श्याम का टाबरीया युवा मारवाड़ी समाज के सदस्य द्वारा प्रत्यम श्याम वार्षिक उत्सव का आयोजन एक अगस्त को बराकर अग्रसेन भवन के प्रांगण में आयोजित होगा. इस दौरान श्याम का टाबरीया के सदस्य द्वारा प्रथम वार्षिक उत्सव की अंतिम तैयारी में सभी तन मन धन से जुटे हैं. कार्यक्रम बराकर अगेशे भवन के हाल में संध्या चार बजे से प्रभु इच्छा तक होगा. इस कार्यक्रम में मुख्य भजन गायक जमशेदपुर के युवा अनुभव अग्रवाल मुख्य आकर्षक का केंद्र होंगे. वहीं आयोजक श्याम का टाबरीया द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा. संस्था के सदस्यों ने कार्यक्रम को लेकर बताएं कि बराकर युवा मारवाड़ी समाज के इन सदस्यों द्वारा विगत 17 महीने पहले इस संस्था का गठन किया गया. जिसका एक मात्र उद्देश्य प्रत्येक महीने की एकादशी को सदस्य एवं श्याम प्रेमी के घर ताली कीर्तन का आयोजन हो. इस परंपरा को निभाते हुए हमलोगों ने प्रथम वार्षिक उत्सव करने का निर्णय लिया. जिसमें श्याम का टाबरीया संस्था के मुख्य सदस्य में जयेश जालान, रितेश नियोगी, रचित जालान, चेतन गाड़ोदिया, सत्यम गाड़ोदिया, आयूष पोद्दार, अनुभव गोयल, उत्सव दुधानी, किशन अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, चिराग गुप्ता, धुर्व मखरिया, कौशल गोयल, मोहित अग्रवाल का अहम योगदान रहा.

# दुर्गापुर में कोयला तस्करी का भंडाफोड़, दो युवक गिरफ्तार

संवाददाता । दुर्गापुर



जंगल के बीच कोयला तस्करी कांकसा विद्विहार के हेमंत बाउरी और डुमकर के इलेक्शन टुडू नामक दो युवकों को गिरफ्तार किया गया. सनसनीखेज इलाके में मालूम हो कि दुर्गापुर थाना क्षेत्र के पारुलिया के पास जंगल में कोयला व कोयला रखा हुआ था. उस कोयले को बाइक से दुर्गापुर महकमा के विभिन्न हिस्सों में तस्करी कर ले जाया जाता था. शनिवार की रात भी बाइक से कोयल की तस्करी की जा रही थी. तभी दुर्गापुर थाने के ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया. एलेक्ससन टुडू और हेमंत बाउरी को गिरफ्तार कर लिया गया. अवैध कोयला लदा एक बाइक जब्त किया गया. रविवार को जब आरोपियों को दुर्गापुर महकमा अदालत में पेश किया गया तो न्यायाधीश ने चार दिन की पुलिस हिरासत का आदेश दिया. पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर इस गिरोह के मुख्य सरगना की तलाश करना चाहती है.

# मैदान कब्जा करने को लेकर हंगामा, टीएमसी नेता पर आरोप

संवाददाता । पुरुलिया



झालदा थाने के तुलिन गांव के यूनाइटेड क्लब की ओर से जागेश्वर महतो ने आरोप लगाया कि तुलिन गांव में यूनाइटेड क्लब मैदान के रूप में उपयोग में लाई जाने वाली भूमि का उपयोग सौ वर्षों से अधिक समय से आसपास के स्कूलों और युवा समाजों के लिए खेल मैदान के रूप में किया जाता रहा है. एक बार यह जमीन सरकारी खास जमीन के रूप में दर्ज थी. पिछले कुछ समय से भू-माफियाओं ने रैयतवारी की जमीन खरीद कर अपने नाम से रजिस्ट्री कर ली है. उस जमीन पर कब्जा करने के लिए तृणमूल नेता शेख सुलेमान कई अजनबियों को लेकर आये तथा उसने जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया. जब मैंने विरोध किया तो उसने मुझे पिस्तौल दिखाकर धमकाया. बल पूर्वक बाड़ लगाने के लिए जमीन खोदने के लिए जेसीबी मशीन का इस्तेमाल किया. खबर पाकर इलाके के लोग दौड़ पड़े. आंदोलन शुरू हुआ. रांची-पुरुलिया रोड पर नाकाबंदी की गई. अंततः जब पुलिस पहुंची और उसे तितर-बितर किया तब जाकर नाकाबंदी हटाई गई तथा जमीन की खुदाई बंद की गई. इस बीच शेख सुलेमान ने कहा कि जमीन रैयती है. तूलिन मौजा स्थित इस जमीन को मैंने कुल डेढ़ एकड़ के तीन प्लॉट में खरीद कर रिकार्ड कर लिया है. लेकिन, हर बार जमीन की मापी होने पर जागेश्वर महतो बिना किसी वैध कागजात के महतो लोगों को लेकर बाधा डालता ही. मैंने पूरे मामले की जानकारी लिखित रूप से एसडीपीओ, झालदा थाना आदि को दे दी है.

# सड़क निर्माण कार्य शुरू

## जिला परिषद सदस्य ने किया शिलान्यास

संवाददाता । पुरुलिया

पुरुलिया जिला परिषद की सदस्य सरस्वती बाउरी ने रविवार को पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर 1 नंबर ब्लॉक के बेड़ो क्षेत्र के फुलबेरिया गांव में फुलबेरिया से जगननाथडी तक की खराब हो चुकी सड़क का नारियल फोड़कर और रिबन काटकर सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया. जानकारी के अनुसार पूरी सड़क पर छोटे-बड़े गड्ढों के कारण बेहद खतरनाक स्थिति का रूप ले चुकी थी. सड़क पार करने के दौरान लगातार दुर्घटनाएं होती रही है. आपात स्थिति में एंबुलेंस गांव में प्रवेश नहीं कर सकता था. सड़क की खराब हालत के बारे में कई बार प्रशासन को अवगत कराये जा चुकने के बाद भी, कोई नतीजा नहीं निकला. पुरुलिया जिला परिषद ग्रामीणों की मांग को पूरा करने के लिए आगे आई. पुरुलिया जिला परिषद की पहल पर आखिरकार जिला परिषद की 44वीं सीट की सदस्य सरस्वती बाउरी ने उस सड़क का निर्माण शुरू कराया. चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने गांववालों से वादा किया था कि अगर वह वोट जीतेंगी तो गांव के विकास के लिए सबसे पहले यह सड़क बनवाएंगी. जिला परिषद सदस्य सरस्वती बाउरी ने आखिरकार वोट जीतने के बाद ग्रामीणों को दिया वादा निभाया. जिला परिषद के पंद्रहवें वित्त से 30 लाख रुपये की राशि से रविवार को स्थानीय निवासियों की उपस्थिति में गांव में सड़क का निर्माण कार्य विधिवत शुरू किया गया. बेरो ग्राम पंचायत प्रमुख टीका बाउरी के साथ प्रमुख तृणमूल नेता अंकुर बाउरी, शेख अलानूर, पंचायत सदस्य अताउल शेख, स्थानीय बूथ अध्यक्ष शेख रमजान अन्य उपस्थित थे.

# डीवीसी के 77वें स्थापना दिवस पर 'रन फॉर डीवीसी'

## कर्मचारियों में स्वास्थ्य जागरूकता, टीम भावना को बढ़ावा देने का इरादा

संवाददाता । दुर्गापुर



डीवीसी के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर डीएसटीपीएस में 'रन फॉर डीवीसी' का आयोजन किया गया. इस आयोजन का उद्देश्य कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और टीम भावना को मजबूत करना था. 'रन फॉर डीवीसी' में डीएसटीपीएस के कई कर्मचारियों और अधिकारियों ने भाग लिया. जिन्होंने उत्साहपूर्वक दौड़ में हिस्सा लिया. यह आयोजन डीवीसी के गौरवशाली इतिहास और उसके योगदान को सम्मानित करने का एक विशेष अवसर था. कार्यक्रम के दौरान कई अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया गया. जिसमें कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे. 'रन फॉर डीवीसी' ने न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दिया बल्कि संगठन के भीतर एकता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित किया. इस तरह के आयोजन डीवीसी के कर्मचारियों को प्रेरित करने और उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. दौड़, डीएसटीपीएस प्लांट गेट से राष्ट्रीय राजमार्ग तक लगभग 1 किमी की दूरी तय करती है और वापस लौटती है. दौड़ का उद्देश्य कर्मचारियों, कर्मियों, उनके परिवार के सदस्यों और आसपास के गांवों के युवाओं के बीच शारीरिक फिटनेस और स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा करना था. संचयन साहा मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान, सुधीर कुमार व्यास महाप्रबंधक (ओ एंड एम) सुखदेव खान (एफ जी डी ) , एस एन सिंह, डी जी एम (मेक्) अरिजीत मजूमदार, डीजीएम (एचआर) राजेश लाएक , बाबलू घोष, संजुलता मोहंती ने डीएसटीपीएस प्लांट गेट पर कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई. तत्पश्चात सभी ने प्लांट गेट से हाईवे तक दौड़ लगायी.

श्री साहा ने कहा कि इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य और फिटनेस की तलाश में कर्मचारियों में चलने और दौड़ने की आदत पैदा करना है. कम से कम आधा घंटा लोगों को रोज दौड़ना चाहिए. दौड़ने से रक्तचाप बेहतर रहता है और हृदय रोग से भी बचाता है. इस अभियान का उद्देश्य लोगों को अपने दैनिक जीवन में दौड़ने और खेलकूद जैसे फिटनेस गतिविधियों को अपनाने, मोटापा, आलस्य, तनाव, चिंता व बीमारियों से मुक्ति पाने के लिए प्रोत्साहित करना है. कार्यक्रम का आयोजन और समन्वय डीजीएम (एचआर) अरिजित मजूमदार द्वारा प्रबंधक सीएसआर मोहम्मद शमीम अहमद, राशि अगरवाल, संजीब बराट, मनोज मण्डल के साथ और डीएसटीपीएस के स्पोर्ट्स ग्रुप की मदद से किया गया.

कार्यक्रम के दौरान प्लांट परिसर में कार्यरत सारे करीब 2000 अधिकारी कर्मचारी एवं ठीका श्रमिकों को डीवीसी के 77वें स्थापना दिवस का स्वीट्स पैकेट दिया गया और सभी 370 स्थायी डीवीसी कर्मियों को उपहार स्वरूप डीवीसी लोगो लगा टी-शर्ट और छाता दिया गया.

# विद्या रत्न अवार्ड्स 2024 : मेधावी छात्रों-शिक्षाविदों को किया सम्मानित

संवाददाता । दुर्गापुर



स्कूल और कॉलेज स्तर पर अपने शहर और इलाके का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं और शिक्षाविदों को इंटरनेशनल इक्विटेबल ह्यूमन राइट्स सोशल काउंसिल की ओर से विद्या रत्न मेगा एजुकेशन आइकन अवार्ड्स 2024 से विभूषित किया गया. ज्ञात हो कि दुर्गापुर के सृजनी ऑडिटोरियम में आयोजित ह्यूमन राइट्स वर्कशॉप और विद्या रत्न मेगा एजुकेशन आइकन अवार्ड समारोह में 35 स्कूलों और अन्य शिक्षण संस्थानों के 250 सौ से भी ज्यादा टॉपर स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया. साथ ही, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षाविदों, शिक्षकों, लेखकों और समाज सेवी संस्थाओं को भी विद्या रत्न अवार्ड से नवाजा गया. इंटरनेशनल इक्विटेबल ह्यूमन राइट्स सोशल काउंसिल के चेयरमैन संजय सिन्हा ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि जीवन में हमेशा पॉजिटिव रहना चाहिए. नेगेटिविटी से बहुत दूर रहें. उन्होंने बच्चों को ह्यूमन राइट्स से जुड़े कुछ टिप्स भी बताए. इससे पहले संस्था की जिला अध्यक्ष, विमेंस विंग अंगश्री बिस्वास ने स्वागत भाषण दिया. सम्मान प्राप्त करने वालों में डॉक्टर कलीमुल हक, डॉक्टर अराफात अली, मोहम्मद एहतेशाम अहमद, मुनीर शमी, वंडर कोचिंग सेंटर, श्रीकांत बधुक, काजी मोहम्मद रफीक, मालविका घोष, अंगाश्री बिस्वास, इंटरनेशनल पाठशाला परिवार आदि शामिल थे. दुर्गापुर नगर निगम की चेयरमैन अनिंदिता मुखर्जी विशेष अतिथि थे. काजी नजरूल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर, प्रोफेसर डॉक्टर देवाशीष बंधोपाध्याय, आसनसोल दुर्गापुर विकास प्राधिकरण के चेयरमैन कवि दत्ता, फिल्म अभिनेत्री पायल सरकार, पावर लिफ्टर सीमा दत्ता चटर्जी, स्पोर्ट्स पर्सन कमल आदि मुख्य रूप से मौजूद थे.

